दैनिक

जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 | अंक : 3 | जयपुर, बुधवार 22 जनवरी, 2025 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | ■ मूल्य : 1.5 रुपए | ■ पृष्ठ : 8+2

वर्ष 2030 तक अक्षय ऊर्जा का उत्पादन 500 गीगावाट तक बढ़ाने की प्रतिबद्धता को पूरा करेंगे : प्रह्लाद जोशी

नवीकरणीय ऊर्जा पर क्षेत्रीय समीक्षा बैठक

सौर, पवन और हाइब्रिड ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा राजस्थानः सीएम भजनलाल

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। केन्द्रीय नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2030 तक देश में अक्षय ऊर्जा का उत्पादन 500 गीगावाट तक बढ़ाने, वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा से ऊर्जा आवश्यकता का 50 प्रतिशत पूरा करने तथा वर्ष 2070 तक देश को नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन तक ले जाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इस प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में केन्द्र और राज्य सरकारें तेजी से काम कर रही हैं। जोशी मंगलवार को जयपुर के एक होटल में आयोजित नवीकरणीय ऊर्जा पर क्षेत्रीय समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2032 तक देश की ऊर्जा आवश्यकता दोगुनी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि दस साल पहले भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था था। सबसे तेज गति से प्रगति करते हुए देश आज 5 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्र आगे बढ़ सकें, इसके लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है।

केन्द्रीय नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप 2026) के अनुसार आने वाले समय में कार्बन उत्सर्जन घटाने और पर्यावरण हितैषी ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के लिए आने वाले वर्षों में विश्व के कई देशों में जीवाश्म ईंधन के औद्योगिक उपयोग पर हरित टैक्स लगाने की तैयारी की जा रही है। ऐसे में भारतीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने और ग्लोबल वार्मिंग से निपटते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करना हम सबका कर्तव्य है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगतिः भजनलाल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा के दक्ष उपयोग, नवीकरणीय स्त्रोतों को अपनाने और नई ऊर्जा नीतियों को विकसित करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान अक्षय ऊर्जा में बड़ी भूमिका निभायेगा और विकसित राजस्थान 2047 का संकल्प पूरा करने में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान स्वच्छ ऊर्जा नीति- 2024 जारी की है जिसमें वर्ष 2030 तक



125 गीगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं स्थापना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसमें भी 28 लाख करोड़ से अधिक तो अकेले ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित है। इन एमओयू से स्थापित होने वाली परियोजनाओं से प्रदेश में सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

उन्होंने कहा कि राजस्थान कुसुम योजना में देश का अग्रणी राज्य है। इस योजना में राज्य में 5 हजार मेगावाट से अधिक की सौर परियोजनाए विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कुसुम 2.0 की शुरुआत करने का केन्द्र सरकार से आग्रह किया ताकि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। उन्होंने राज्य को 5 हजार मेगावाट की नवीन क्षमता का आवंटन करने के लिए केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आगामी समय में कृषि विद्युत भार की पूर्ति सौर ऊर्जा से करने पर भी राज्य सरकार कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत राज्य में 5 लाख घरों में रूफटॉप संयंत्र लगाए जाने की प्रक्रिया चल रही है और अब तक लगभग 25 हजार घरों पर संयंत्र लगाए जा चुके हैं। सभी राजकीय भवनों को सोलर एनर्जी से लैस करने का कार्य शुरू कर अब तक 489 मेगावाट के एलओए हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल पर जारी किए जा चुके हैं। इन लक्ष्यों की प्राप्ति से न केवल राज्य में निवेश बढ़ेगा बल्कि इससे नवीन रोजगार एवं व्यवसाय में भी बढ़ोतरी होगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और केन्द्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हाइब्रिड ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के लिए 2000 मेगावाट के नवीन सोलर पार्क की स्वीकृति से राज्य में सौर परियोजनाओं को गति मिलेगी। केन्द्रीय नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना से देश में एक करोड़ परिवारों का बिजली बिल लगभग शून्य हो जाएगा जो उन्हें ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार पीएम कुसुम योजना किसानों की डिस्कॉम पर निर्भरता कम कर उनकी ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में कारगर पहल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए आरपीओ लक्ष्यों को प्राप्त करने के उपायों, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में वृद्धि और पुराने विंड एनर्जी पार्कों की क्षमता बढ़ाने की रणनीति बनाने के लिए यह समीक्षा बैठक महती पहल है।

ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि राज्य की स्वच्छ ऊर्जा नीति-2024 वर्ष 2030 तक राजस्थान की अक्षय ऊर्जा क्षमता को 125 गीगावाट तक लाने में अहम साबित होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कुसुम योजना तथा हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल को मिला कर विकेंद्रित सोलर की 17 हजार मेगावाट की परियोजनाओं पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कुसुम योजना के घटक ए व सी के तहत प्रदेश में स्थापित विकेन्द्रित सोलर प्लांटों से जुड़े ग्रिड सब स्टेशनों में इन प्लांटों की क्षमता के अनुरूप कृषि कनेक्शन जारी करने का हमने निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक किसानों को कृषि कार्य के लिए दिन में बिजली देने के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संकल्प को पूरा करने की दिशा में यह बड़ा कदम है। पूर्व में किसानों को कृषि कनेक्शन के लिए बरसों तक इंतजार करना पड़ता था। लेकिन अब इन स्थानों पर ऑन डिमांड कृषि कनेक्शन जारी किए जा सकेंगे।

ऊर्जा राज्यमंत्री ने कहा कि जयपुर, जोधपुर व अजमेर विद्युत वितरण निगम की ओर से कुसुम योजना में 405 मेगावाट के सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। डिस्कॉम्स ने कंपोनेंट ए में 602 मेगावाट क्षमता के 487 संयंत्रों के बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। साथ ही कंपोनेंट सी में 4 हजार 547 मेगावाट क्षमता के 1791 सोलर प्लांटों के लिए अवॉर्ड जारी किए जा चुके हैं। पीएम सूर्य घर निशुल्क बिजली योजना के माध्यम से प्रदेश के तीनों डिस्कॉम्स में अब तक 23 हजार 400 घरों में 114 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर लग चुके हैं। इससे इन घरों में बिजली का बिल लगभग शून्य हो गया है। उन्होंने प्रदेश में रूफटॉप सोलर के फायदों तथा 78 हजार रूपए की सब्सिडी की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

समीक्षा बैठक के उद्घाटन सत्र में हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज, हिमाचल प्रदेश के टाउन एंड कट्री प्लानिंग, आवास प्रबंध मंत्री राजेश धर्माणी, जम्मू-कश्मीर के विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री सतीश कुमार शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर केन्द्रीय सचिव एमएनआरई निधि खरे, केन्द्रीय अतिरिक्त सचिव एमएनआरई सुदीप जैन सहित राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

एक देश-एक चुनाव : मसौदा विधेयकों पर चर्चा के लिए होगी जेपीसी की दूसरी बैठक

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। एक देश - एक चुनाव के लिए दो विधेयकों की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की दूसरी बैठक 31 जनवरी को होगी। लोकसभा की वेबसाइट पर प्रकाशित कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई है।

संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक हाल ही में शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में पेश किए गए थे और इन्हें समिति के पास भेजा गया था। लोकसभा की वेबसाइट के मुताबिक, समिति की आगामी बैठक में संशोधन विधेयकों की जांच के लिए प्रक्रिया और विधियों पर चर्चा की जाएगी। समिति की पहली बैठक आठ जनवरी को हुई थी, जिसमें विधि और न्याय मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने समिति के सदस्यों को जानकारी दी थी। पहली बैठक में विभिन्न दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान हुआ था। जिसमें विपक्षी सदस्य इस विचार को संविधान और संघवाद की मूल भावना पर हमला मान रहे थे। जबकि भाजपा सांसदों ने इसे जनमत का प्रतिबिंब बताया था। सभी सांसदों को 18,000 पन्नों का एक ट्रॉली दिया गया था, जिसमें रामनाथ कोविंद समिति की रिपोर्ट के हिंदी और अंग्रेजी में एक-एक संस्करण और 21 अतिरिक्त दस्तावेजों के साथ एक सॉफ्ट कॉपी भी शामिल थी।

इस्त्राइली सेना के शीर्ष जनरल ने दिया इस्तीफा

जयपुर टाइम्स

तेल अवीव (एजेंसी)। इस्त्राइली सेना के एक शीर्ष जनरल ने सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमलों को रोकने में नाकामी के लिए मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दिया। इन हमलों के बाद ही गाजा युद्ध की शुरुआत हुई। लेफ्टिनेंट जनरल हरजी हलवी ने मंगलवार को अपने इस्तीफे की घोषणा की। जनरल हलवी ने इस्तीफा ऐसे समय में दिया है, जब गाजा में युद्धविराम जारी है। युद्धविराम के साथ हमास के लड़ाके गाजा की सड़कों वापस दिखाई दे रहे हैं, जिससे साबित होता है कि हमास अभी भी गाजा पर नियंत्रण बनाए हुए हैं। पिछले पंद्रह महीनों से जारी युद्ध में 46 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और भारी तबाही हुई है।

' टीका' पर दिलावर टिप्पणीः अनाप शनाप बोलकर भाग जाते हैं जूली

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बयानों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि टीकाराम जूली को यह भी समझ नहीं होता कि उन्हें क्या कहना चाहिए। वह बिना सोचे समझे अनाप-शनाप बयान देते रहते हैं और अपनी आदत के मुताबिक बोलकर भाग जाते हैं। मदन दिलावर ने जूली पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अपनी पार्टी के भ्रष्टाचार का भी अंदाजा नहीं है। पेपर लीक जैसे मामलों में उनकी पार्टी के नेताओं ने कितना पैसा खाया, यह भी उन्हें नहीं पता। उन्होंने कहा, सौ चूहे खाकर बिल्ली हज करने जा रही है।

कांग्रेस पर लगाया गुंडों के संरक्षण का आरोपः

शिक्षा मंत्री ने कांग्रेस सरकार पर मेवात में गुंडागर्दी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायक गुंडे-बदमाशों का समर्थन करते थे, जिससे लोगों में डर का माहौल था। भाजपा सरकार के आने के बाद गुंडों और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

तुर्की में होटल अग्निकांड में 66 की मौत, 51 लोग झुलसे

जयपुर टाइम्स

अंकारा (एजेंसी)। तुर्किये के गृह मंत्री ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी तुर्की के एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट में एक होटल में मंगलवार को आग लगने से कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई। अली येरलिकाया ने आगे बताया कि इस आपदा में कम से कम 51 अन्य लोग घायल हुए हैं। गृह मंत्री येरलिकाया ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से कहा, इस घटना से हम बहुत दुखी हैं।

सुबह 3.30 बजे लगी थी होटल में आग

वहीं स्वास्थ्य मंत्री केमल मेमिसोग्लू ने बताया कि घायलों में से कम से कम एक की हालत गंभीर है। अधिकारियों और रिपोर्टों के अनुसार, बोलू प्रांत के कार्तलकाया रिसॉर्ट में 12 मंजिला ग्रैंड कार्तल होटल के रेस्तरां में सुबह करीब 3¬30 बजे आग लग गई। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। बता दें कि, घटना के दौरान होटल में कुल 234 लोग ठहरे थे।

घबराहट में इमारत से कूदे दो लोग, मौत

गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने सरकारी एजेंसी को बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट के कारण इमारत से कूदने के बाद हो गई। एक स्थानीय टेलीविजन ने कहा कि कुछ लोगों ने चादरों और कंबलों का उपयोग करके अपने कमरों से नीचे उतरने की कोशिश की। घटना के दौरान होटल में रुके स्की प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने कहा कि जब आग लगी तो वह सो रहे थे और वे इमारत से बाहर भागे। इसके बाद उन्होंने होटल से लगभग 20 लोगों को बाहर निकालने में मदद की। उन्होंने कहा कि होटल धुएं से घिरा हुआ था, जिससे लोगों के लिए आग से बचने का रास्ता ढूंढना मुश्किल हो गया था।

होटल में आग लगने पर नहीं बजा फायर अलार्म

प्रत्यक्षदर्शियों और रिपोर्टों में बताया गया कि होटल में फायर सिस्टम काम नहीं कर रहा था। होटल की तीसरी मंजिल पर ठहरे शख्स ने अताकन येलकोवन ने एक समाचार एजेंसी को बताया, मेरी पत्नी को कुछ जलने की गंध आई, जिसके बाद हम उठकर भागे, लेकिन होटल में इस दौरान कोई अलार्म नहीं बजा।

युवा और खेल क्षेत्र के प्रतिनिधियों से बजट पूर्व चर्चा

युवा है प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के इंजन, सरकार देगी उचित मंच : सीएम भजनलाल

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा युवाओं का है। युवा प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के इंजन है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को उनके सपनों को पूरा करने के लिए पर्याप्त अवसर दे रही है जिससे वे देश व प्रदेश की प्रगति में भी अपना अहम योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि सरकार युवा व खेल प्रतिनिधियों के सभी सुझावों पर विचार कर उन्हें बजट में यथासंभव शामिल करेगी ताकि आपणो अग्रणी राजस्थान का सपना साकार किया जा सके। शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में युवा और खेल क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि युवा अपार ऊर्जा, नवाचार और सृजनशीलता के स्त्रोत हैं। स्वामी विवेकानंद जी का कहना था कि 21वीं सदी भारत की है और युवा पीढ़ी में हर समस्या का समाधान करने का सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि युवा हर क्षेत्र में आगे बढ़े और हम उन्हें हर संभव मंच उपलब्ध करवाएंगे।

प्रधानमंत्री खेल परिदृश्य में लाए अभूतपूर्व बदलाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के खेल परिदृश्य में अभूतपूर्व बदलाव आया है। खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसे मूवमेंट से देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ ने वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी को लेटर ऑफ इंटेंट भी भेजा है। भारत के खिलाड़ी अब विश्व भर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं तथा आज भारत एक खेल शक्ति बनकर उभर रहा है।

राज्य को खेलों में अग्रणी बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता

शर्मा ने कहा कि राजस्थान खेलों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा हमारी प्राथमिकता है कि प्रदेश खेलों में अग्रणी राज्य बने। उन्होंने कहा कि नई खेल नीति, खेलो राजस्थान यूथ गेम्स का आयोजन, राजस्थान टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम, मिशन ओलंपिक 2028, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फोर स्पोर्ट्स जैसे निर्णयों से प्रदेश में खिलाड़ियों को तैयारियों के लिए समुचित अवसर मिल रहे है। उन्होंने कहा कि राज्य के हर जिले में खेल से संबंधित सुविधाओं का विकास करने के लिए %एक जिला-एक खेल योजना% शुरू की गई है जिससे जिले में अन्य खेलों के साथ एक विशेष खेल को भी बढ़ावा मिलेगा।

राज्य के खिलाड़ी दुनिया में बना रहे पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवा खिलाड़ी दुनिया में अपनी पहचान बना रहे हैं।

इस बार पेरिस पैरालिंपिक में प्रदेश के आठ खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा स्वर्ण, कांस्य सहित कुल 3 पदक जीते। राज्य सरकार ने मेडल जीतने वाले तीनों खिलाड़ियों को पांच-पांच करोड़ रुपये की राशि प्रदान कर उनका सम्मान और उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने कहा कि यह बेहद गर्व का विषय है भारत सरकार की ओर से दिव्यकृति सिंह राठौड़ को अर्जुन पुरस्कार और पैरा-एथलेटिक्स प्रशिक्षक महावीर सैनी को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री ने खो-खो वर्ल्ड कप में विजेता भारतीय टीम को और उस टीम में शामिल राजस्थान की बेटी निर्मला भाटी को जीत की बधाई दी।

युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए नई युवा नीति

शर्मा ने कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए नई युवा नीति तैयार की जा रही हैं। हमने हाल में राजस्थान युवा महोत्सव 2024-25 आयोजित किया है जिसमें करीब 2 लाख युवा जुड़े। इस महोत्सव से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपनी क्षमता को पहचानने का बेहतरीन मंच मिला। उन्होंने कहा कि युवाओं को काउंसलिंग और मार्गदर्शन के लिए संभाग मुख्यालयों पर युवा साथी केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं। खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं के समग्र विकास पर ध्यान दे रही है। राजस्थान में प्रतिभाओं की कमी नहीं हैं और राज्य सरकार उन्हें आगे बढ़ने के समुचित अवसर देगी। बैठक में युवा व खेल से जुड़े प्रतिनिधियों ने सिंथेटिक ट्रैक की संख्या बढ़ाने, दिव्यागों के लिए गाइडलाइन, युवा संवाद केन्द्र, खेल विभाग में भर्ती, महिला सुरक्षा, कौशल विकास, महिलाओं के लिए आत्मरक्षा शिविर, खेल के कोचों की संख्या बढ़ाने, स्कूल ओलम्पियाड का आयोजन सहित विभिन्न विषयों पर सुझाव दिए। बैठक में इन्टरनेशनल ओलम्पियन, द्रोणाचार्य एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता, क्रीड़ा भारती, यूथ आईकन अवॉर्ड सहित विभिन्न खेलों एवं युवा संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर खेल व युवा मामलात राज्य मंत्री के .के. बिश्नोई, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख शासन सचिव खेल व युवा भवानी सिंह देथा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मेवात जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
22 जनवरी, 2025

पोसबड़ा महोत्सव किया आयोजित

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास.)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कंचन महेश हाडा ने पोसबड़ा महोत्सव का आयोजन किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और भजनों का खूब आनंद प्राप्त किया इस अवसर पर परिवार व समाज के लोगों सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। यह जानकारी ललित जायसवाल ने दी।

श्री तोपवाले हनुमान जी महाराज के विशाल भण्डारे में श्रद्धालुओं ने पाया बाबा का प्रसाद

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस.)। अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बाला किला स्थित श्री तोपवाले हनुमान जी महाराज मंदिर परिसर में मंगलवार को भण्डारे का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं मंदिर पहुंचकर बाबा के आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद पाया। श्री तोप वाले हनुमान सेवार्थ सेवक ट्रस्ट

के प्रवक्ता यश सोमवंशी ने बताया कि श्री तोपवाले हनुमान जी महाराज मंदिर परिसर में मंगलवार को भण्डारे से पूर्व 20 जनवरी को श्री रामचरित मानस के पाठ शुरु हुए, जिसका समापन मंगलवार को प्रातः हुआ। जहां पंडितों ने विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ-हवन कराया। हवन पश्चात बाबा का सभी भक्तों ने मिलकर गुणगान किया ओर सीताराम सीताराम का उच्चरण किया। इसके बाद श्री तोपवाले हनुमान जी महाराज की महाआरती हुई। वहीं श्री तोपवाले हनुमान जी को राम नाम के चोले से श्रृंगारित किया गया ओर विद्युत रोशनी भी की गई। महाआरती के बाद भक्तों को दाल-बाटी, चूरमा ओर पुडी का प्रसाद परोसा गया। जहां शाम तक बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद स्वरूप प्रसादी पाई। वहीं सेवकों ओर भक्तों ने भगवान से सभी जिले, राज्य व देशवासियों के लिए मंगलकामना की।

विशाल बोद्ध जिला सचिव बने

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस.)। जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने विशाल बौद्ध को जिला सचिव नियुक्त किया है। कांग्रेस प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, राजस्थान

विधानसभा सभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अनुशंसा पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने जिला संगठन को ओर अधिक सक्रिय एवं सुदृढ़ करने के लिए भीम नगर कॉलोनी, अलवर निवासी विशाल बौद्ध को जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव पद पर नियुक्त किया है और उन्हें निर्देश दिया है कि वह कांग्रेस के रीति नीति एवं सिद्धांतों में पूर्ण आस्था रखते हुए जिला स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे।

पंचायत समिति कठूमर की 46 ग्राम पंचायतों एवं रैणी की 24 ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्ति एवं प्रशासकीय समिति गठन के आदेश जारी

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस.)। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जिले की पंचायत समिति कठूमर की 46 ग्राम पंचायतों एवं पंचायत समिति रैणी की 24 ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्ति एवं प्रशासकीय समिति गठन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। पंचायत पुनर्गठ प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर ने बताया कि जिले की ऐसी ग्राम पंचायतें जिनका कार्यकाल 31 जनवरी 2025 तक समाप्त हो रहा है ऐसी ग्राम पंचायतों के प्रशासक नियुक्ति एवं प्रशासकीय समिति गठन के आदेश जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति राजगढ व मालाखेडा की ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्ति एवं प्रशासकी समिति गठन के आदेश 22 जनवरी 2025 एवं पंचायत समिति गोविन्दगढ की ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्ति एवं प्रशासकीय समिति गठन के आदेश 29 जनवरी 2025 को जारी किया जाना प्रक्रियाधीन है।

वन मंत्री ने सरिस्का में वन विभाग की मॉनिटरिंग व्यवस्था का लिया जायजा

वनकर्मी प्रो-एक्टिव रहकर दायित्वों का निर्वहन करें - मंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस.)। पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने बाघ परियोजना क्षेत्र सरिस्का में पहुंचकर वन विभाग की मॉनिटरिंग व्यवस्था व चौकियों के जीर्णोद्धार सहित अन्य कार्यों का अवलोकन किया।मंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वन्य जीवों व वन सम्पदा की सुरक्षा का कार्य प्रो-एक्टिव रहकर सम्पादित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि चौकियों के जीर्णोद्धार आदि का कार्य गुणवत्ता के साथ कराया जावे। इस कार्य में यथा सम्भव प्रकृति के अनुकूल सामग्री का उपयोग करें। साथ ही सुनिश्चित करें कि यहां सभी व्यवस्थाएं सुव्यस्थित रूप में रहे।

उन्होंने निर्देश दिये कि विभाग के कार्मिक नियमित रूप से वन्यजीवों की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने निर्देश दिए बाघ परियोजना की व्यवस्थाओ को और सुदृढ़ करने हेतु प्रस्ताव बनावे। उन्होंने नर बाघ एसटी 2402 के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली और उसको पुनः जंगल में छोड़ने की समय सीमा के बारे में चर्चा की। उन्होंने उमरी चौकी एवं कर्णकबास चौकी संधारण कार्य का अवलोकन कर वनकर्मियों के लिए सभी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने का फीडबैक लिया तथा हैबिटैट सुधार कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री शर्मा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस दौरान डीएफओ सरिस्का अभिमन्यु सहारण सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैंप में 42 लाइसेंस किये जारी

जयपुर टाइम्स

खैरथल(निस.)। राजस्थान सरकार द्वारा खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन अभियान के तहत पंचायत समिति भवन मुंडावर पर रजिस्ट्रेशन कैंप लगाया गया जिसमें कुल 42 आवेदन आए मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा तुरंत आए आवेदन को स्वीकार कर लाइसेंस जारी किया। आवेदन करने वालों में दूध विक्रेता सब्जी विक्रेता रेस्टोरेंट में ढाबे वाले किराना स्टोर वाले चार्ट ठेले वाले थे। मौके पर खाद्य कारोबार करता को साफ सफाई एवं एफएसएसएआई 2006 के नियम करने के निर्देश दिए गए। खाद्य लाइसेंस कैंप में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव, दिवेश कुमार कौशिक एडीओ, सोनू गुप्ता पार्षद, व्यापार संघ अध्यक्ष प्रेम प्रकाश गुप्ता संतोष गोस्वामी महिपाल सिंह अजीत अवाना सुरेंद्र सैनी कृष्ण सैनी सुनील सैनी, सुभाष सिंह यादव योगेश गुप्ता राकेश यादव मौजूद रहे।

बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस.)। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा बामनवास बानसूर में चल रहे बकरीपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूह से जुडी हुई 35 महिलाओ ने भाग लिया। संकाय सदस्य जयप्रकाश सिंघल ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओ को रोजगार से जोड़ने के लिए विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। संकाय सदस्य ने बताया कि हमारी संस्था विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करती है। सभी प्रशिक्षुओ का

मूल्यांकन नैसर की और से माधो राम और विरेन्द्र तंवर ने किया। समापन अवसर पर सभी महिलाओ को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

प्रस्तावित ट्रांसफर स्टेशन अलवर शहर की स्वच्छता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा'

नगर निगम अलवर द्वारा बनाया जाएगा मैकेनाईज्ड ट्रांसफर स्टेशन, न्यास ने की भूमि आवंटन की स्वीकृति प्रदान

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस.)। बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत अलवर मे मैकेनाईज्ड ट्रांसफर स्टेशन बनाये जाने के लिए नगर विकास न्यास अलवर की मूर्तिकार योजना में प्रस्तावित हाट बाजार के लिए आरक्षित भू खण्ड में से 6480 वर्गमीटर भूमि नगर निगम अलवर को निःशुल्क आवंटन के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था। जिसके क्रम मे उक्त आवंटन के लिए नगर विकास न्यास द्वारा 02 जनवरी 2025 को स्वीकृति प्रदान की गई है।

नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरुका ने बताया कि पूर्व मे अलवर शहर का कचरा नगर निगम अलवर द्वारा अम्बेडकर नगर में एन.एच. के निकट स्थित भूमि पर ले जाया जाता था, जिसे अस्थाई ट्रांसफर स्टेशन के रूप में प्रयुक्त किया जा रहा था। इसके संबंध मे प्रदूषण एवं दुर्गन्ध आदि की शिकायते प्राप्त हो रही थी। उन्होंने बताया कि वर्तमान मे प्रस्तावित मैकेनाईज्ड ट्रांसफर स्टेशन के बनने से इन समस्याओं से निजात मिलेगी। यहाँ पर डोर टू डोर कचरा संग्रहण जो कि ऑटो टिप्पर्स के माध्यम से किया जाता है. उसे लाया जायेगा और यहाँ से प्रोसेसिंग प्लान्ट तक भिजवाया जायेगा। यह परिवहन कवर किये हुए वाहनो मे किया जायेगा। बल्क कलेक्शन के वाहन ट्रांसफर स्टेशन तक नही आयेंगे, बल्कि उनका कचरा सीधे ही प्रोसेसिंग प्लान्ट तक पहुँचाया जायेगा।

क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण मण्डल ने भी अपनी 19 जनवरी 2025 की रिपोर्ट मे उल्लेख किया है, कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट रूल्स 2016 मे ट्रांसफर स्टेशन को एक ऐसी सुविधा के रूप में परिभाषित किया गया है, जहाँ पर संग्रहण क्षेत्रो से कचरा लाया जाता है और कवर किये हुए वाहनो या कंटेनर्स मे प्रसंस्करण अथवा निस्तारण के लिए भिजवाया जाता है। प्रसंस्करण को ऐसी वैज्ञानिक प्रकिया के रूप मे परिभाषित किया है जिसके द्वारा पृथक किया हुआ ठोस अपशिष्ट पुनः प्रयुक्त, पुनः चकित या नये उत्पादो मे परिवर्तित किया जाता है। ट्रांसफर स्टेशन के स्थल के चयन के संबंध मे कोई निश्चित गाईडलाईन अथवा मापदण्ड नही है। नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरुका ने बताया कि इन्दौर, जयपुर आदि महानगरो मे भी ट्रांसफर स्टेशन शहर मे ही बनाये गये है। अलवर शहर का यह पहला ट्रांसफर स्टेशन होगा, जो कि पूर्णतयः पर्यावरण हितैषी एवं आधुनिक तकनीक से युक्त होगा। यह शहर की स्वच्छता एवं कचरा संग्रहण की दिशा मे एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे आमजन को किसी प्रकार के प्रदूषण, गंदगी एवं दुर्गन्ध का सामना नही करना पडेगा। साथ ही यहाँ पौधारोपण का कार्य भी किया जायेगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण मे भी सहायता मिलेगी।आयुक्त ने बताया कि यहाँ चारदीवारी का निर्माण किया जायेगा और यह उपर से भी कवर्ड होगा। इससे कचरे मे पशुओ के आने-जाने की समस्या से भी निजात मिलेगी। यहाँ किसी प्रकार का प्रसंस्करण अथवा कचरा जलाये जाने का कार्य नही किया जायेगा। नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरुका ने बताया कि गत सप्ताह इन्दौर और हैदराबाद के विशेषज्ञो ने भी अलवर शहर में स्वच्छता की दिशा मे किये जा रहे अभिनव प्रयासो की सराहना की थी और इस संबंध मे भावी कार्ययोजना के संबंध मे भी चर्चा की थी। स्वच्छता सर्वेक्षण की समीक्षा हेतु जयपुर से आई टीम ने भी अलवर नगर निगम की ओर से किये जा रहे प्रयासो की सराहना की है और स्वच्छता मे शहर की रैकिंग सुधारने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिये है। प्रस्तावित ट्रांसफर स्टेशन शहर की स्वच्छता सुधार की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक बढ़ाई

जयपुर टाइम्स

बालोतरा (निस.) राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 जनवरी 2025 कर दिया है। पहले यह तिथि 22 जनवरी 2025 निर्धारित थी। इस योजना के तहत राज्य के पशुपालक अपने दुधारू पशुओं का निःशुल्क बीमा करवा सकेंगे।पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक विनय मोहन खत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का उद्देश्य राज्य के पशुपालकों को आर्थिक संबल प्रदान करना है, विशेषकर उन परिस्थितियों में जब प्राकृतिक आपदाएं, महामारी या दुर्घटनाओं के कारण पशुधन को नुकसान पहुंचता है। राजस्थान में पशुपालन ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका का मुख्य स्रोत है, और यह योजना पशुपालकों को उनके नुकसान की भरपाई के लिए आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगी। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि पशुपालकों को किसी भी आपदा के समय आर्थिक समस्याओं का सामना न करना पड़े और वे अपने पशुओं की उचित देखभाल कर सकें।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री श्रीपाद नाईक से शिष्टाचार भेट

जयपुर(निस.)। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री श्रीपाद नाईक से अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के संगठन मंत्री ललित जायसवाल ने शिष्टाचार भेट कर सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मां) वाउचर योजना

राजस्थान सरकार की गर्भवती महिलाओं के लिए अनूठी पहल

गर्भवती महिलाएं प्राइवेट सोनोग्राफी सेंटर पर निःशुल्क करा सकती है सोनोग्राफी - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मां वाउचर योजना' की शुरुआत 17 सित बर 2024 को पूरे प्रदेश में किया गया। मां वाउचर योजना राजस्थान सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य की महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी सेवाएं उपलब्ध कराना है। योजना विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए फायदेमंद है जो दूर-दराज के क्षेत्रों में रहती हैं और जिनके लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचना कठिन है। यह योजना उन महिलाओं के लिए भी उपयोगी है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और सोनोग्राफी जैसी महंगी सेवाओं का खर्च वहन करने में असमर्थ है। योजना के अंतर्गत अलवर जिले में 17 सित बर 2024 से 19 जनवरी 2025 तक 2472 सोनोग्राफी की जाकर गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित किया गया है।

निःशुल्क मिलेगी सोनोग्राफी सेवाएं :

गर्भावस्था के 84 दिन या उससे अधिक की अवधि वाली महिलाएं इस योजना के तहत निःशुल्क सोनोग्राफी करवा सकती हैं। यह सुविधा सरकारी और सूचीबद्ध निजी सोनोग्राफी केंद्रों पर उपलब्ध है।

वाउचर प्रणाली और प्रक्रिया :

योजना के तहत गर्भवती महिला को अपना जन आधार कार्ड और मोबाइल फोन लेकर नजदीकी सरकारी चिकित्सा संस्थान पर जाना होगा।

चिकित्सा संस्थान में ओटीपी के माध्यम से महिला के मोबाइल पर एक एसएमएस द्वारा क्यूआर वाउचर जारी किया जाएगा। वाउचर की वैधता 30 दिनों की होगी। यदि महिला निर्धारित 30 दिनों में सोनोग्राफी नहीं करवा पाती है, तो वह दोबारा चिकित्सा संस्थान पर जाकर वाउचर की अवधि एक बार 30 दिनों तक बढ़ा सकती है।

निजी केंद्रों की भागीदारी :

महिलाओं को बेहतर सेवाएं देने के लिए 1,161 निजी सोनोग्राफी केंद्रों और अस्पतालों को योजना में शामिल किया गया है। अलवर जिले में 26 निजी सोनोग्राफी सेंटर्स पर मां वाउचर योजना चालू है।

ऐसे ले सकते है योजना का लाभ :

गर्भवती महिला अपने नजदीकी सरकारी चिकित्सा संस्थान पर जाकर जन आधार कार्ड और मोबाइल फोन के माध्यम से वाउचर प्राप्त कर सकती है। यह वाउचर सरकारी और सूचीबद्ध निजी पंजीकृत सोनोग्राफी केंद्रों पर निःशुल्क सेवा के लिए मान्य होगा। जिले की कोई भी गर्भवती महिला जिसकी गर्भावस्था की अवधि 12 सप्ताह से अधिक है, वह महिला प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख (प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस) के दिन जिले के ऐसे सरकारी अस्पताल से मां वाउचर योजना के लिए कूपन ले सकती है, जिस संस्थान पर सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध नहीं हो। जिले में सरकारी अस्पतालों में संचालित सोनोग्राफी केंद्रों पर सोनोग्राफी सुविधा निःशुल्क है इसलिए सरकारी संस्थान पर सोनोग्राफी कराने के लिए मां वाउचर योजना की आवश्यकता नहीं है।

राज्य सरकार की मां वाउचर योजना महिलाओं और उनके शिशु के स्वास्थ्य की देखभाल को सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में एक बढ़ा कदम है। यह योजना मातृत्व सेवाओं को व्यापक रूप से पहुंचाने और गर्भावस्था के दौरान जटिलताओं का समय पर पता लगाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
22 जनवरी, 2025

वासुदेव देवनानी ने स्वास्थ्य लाभ हेतु शुभकामनाओं के लिए जताया आभार

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास.)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने स्वास्थ्य लाभ हेतु मिली शुभकामनाओं के लिए समस्त जनों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि पटना (बिहार) में आयोजित 85वें पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के दौरान 20 जनवरी, सोमवार को उन्हें एसिडिटी के कारण असहजता महसूस हुई थी। पटना में प्राथमिक उपचार के बाद, वे उसी शाम विशेष विमान से जयपुर पहुंचे।

जयपुर के सवाई मानसिंह (एस.एम.एस.) अस्पताल में वरिष्ठ एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उनका उपचार किया, जहां सभी आवश्यक मेडिकल जांचें सामान्य पाई गईं। देवनानी ने कहा कि अब उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है और वे स्वयं को स्वस्थ महसूस कर रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्रीगण, मंत्रियों, अन्य प्रदेशों के विधानसभा अध्यक्षों, अजमेर जिले के आमजन और उनके परिचितों को शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया है।

इसके साथ ही उन्होंने एस.एम.एस. अस्पताल के चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ का उनके उपचार में दिए गए सहयोग के लिए विशेष आभार प्रकट किया।

देवनानी ने कहा कि सभी की शुभकामनाओं और चिकित्सकों की देखभाल से उनका स्वास्थ्य बेहतर हो रहा है।

नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा ने अतिक्रमण के खिलाफ की कार्रवाई, 10,500 रुपये कैरिंग चार्ज वसूला, 3 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास.)। नगर निगम ग्रेटर की सतर्कता शाखा ने मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की। आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता

अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में 10,500 रुपये कैरिंग चार्ज वसूला गया और 3 केन्टर सामान जब्त किया गया।

सतर्कता टीम ने मन्दिर मोड, विद्याधर नगर सेक्टर-6, कुम्हार होटल से गिरधारीपुरा तक, कालवाड़ रोड, करधनी पुलिस चौकी से पावर हाउस वार्ड नं. 44 सहित अन्य स्थानों पर अस्थाई अतिक्रमण हटाया। जब्त किया गया सामान निगम के गोदाम में भिजवाया गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण करने वालों को मौके पर ही समझाइश दी गई और भविष्य में अतिक्रमण से बचने के लिए मौखिक पाबंद किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर आगे भी अवैध अतिक्रमण पाया गया, तो नगर निगम द्वारा भारी चालान या कठोर कार्रवाई की जाएगी।

यह कार्रवाई नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त रखने के प्रयासों का हिस्सा है। टीम ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अतिक्रमण से बचें और नगर निगम के नियमों का पालन करें।

आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देश पर जोन उपायुक्तों ने किया सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास.)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार मंगलवार को सभी जोन उपायुक्तों एवं जोन ह्ढ्ढष्ट ने अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत सभी मापदंडों की निगरानी करना था। सांगानेर जोन उपायुक्त डॉ. रवि

प्रकाश गोयल ने वार्ड नंबर 86 और 87 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान आमजन को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की समझाइश दी गई। मानसरोवर जोन ह्ढ्ढष्ट श्री श्याम लाल जांगिड़ ने वार्ड नंबर 75 और 76 का निरीक्षण किया, जहां 3 सफाई कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इसके अलावा खुले में कचरा फेंकने वाले पर जुर्माना लगाया गया। मालवीय नगर जोन उपायुक्त ने सहकार मार्ग, 22 गोदाम रोड, ज्योति नगर रोड सहित विभिन्न स्थानों का दौरा कर सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुरलीपुरा जोन उपायुक्त ने अपनी टीम के साथ घर-घर जाकर नागरिकों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया।

स्वच्छता की मॉनिटरिंग और सख्ती से कार्रवाई

आयुक्त रूकमणि रियाड़ के नेतृत्व में नगर निगम ग्रेटर द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सात जोन ह्ढ्ढष्ट नियुक्त किए गए हैं। ये अधिकारी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत तय सभी मापदंडों की निगरानी करते हैं। निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियों की हाजिरी, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, हरे और नीले रंग के डस्टबिन की स्थिति, ओपन कचरा डिपो और सीएनडी वेस्ट की मॉनिटरिंग की गई। कमियां पाए जाने पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए।

कार्यवाही से वसूला गया 12.22 लाख रुपये का कैरिंग चार्ज

माह नवंबर 2024 से अब तक गंदगी फैलाने वाले 232 दोषियों से 8.62 लाख रुपये का कैरिंग चार्ज वसूला गया। सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों से 1.69 लाख रुपये, बिना ग्रीन नेट निर्माण कार्य करने वाले 95 दोषियों से 1.41 लाख रुपये, और सीएनडी वेस्ट डालने वाले दोषियों से 49 हजार रुपये वसूले गए।

राज्यपाल श्री बागडे ने वरूर में महामस्तकाभिषेक समारोह में लिया भाग

जीवन का आलोक है तीर्थंकरों के आदर्शः राज्यपाल

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास.)। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को कर्नाटक के वरूर में भगवान पार्श्वनाथ की अखंड प्रतिमा के महामस्तकाभिषेक समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने तीर्थंकरों की महान परंपरा और उनके आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्श्वनाथ तीर्थंकर का महामस्तकाभिषेक सत्य और नैतिक मूल्यों की प्रेरणा देता है। राज्यपाल ने कहा कि तीर्थंकरों ने त्याग और अपरिग्रह के सिद्धांतों को जीवन में अपनाकर उदात्त मूल्यों का प्रसार किया। भारतीय संविधान की मूल प्रति में वर्धमान महावीर के चित्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जैन धर्म जिन शब्द से जुड़ा है, जिसका अर्थ है विजेता, यानी जिसने अपनी इच्छाओं और मन पर विजय प्राप्त की हो। उन्होंने वरूर में भगवान पार्श्वनाथ की अखंड प्रतिमा का अभिषेक किया और नवग्रह तीर्थंकर की प्रतिमाओं के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने आचार्य गुणधरणनंदी महाराज की दूरदर्शिता और समर्पण को सराहा। उन्होंने कहा कि वरूर का यह धाम दिगंबर जैन परंपरा का अनूठा केंद्र है और आचार्य गुणधरणनंदी एक सम्मानित आध्यात्मिक गुरु हैं। राज्यपाल ने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह व्यक्ति और समाज को बदलने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा न केवल मानसिक क्षमता बढ़ाती है, बल्कि सही और गलत का भेद भी सिखाती है। राज्यपाल के वरूर पहुंचने पर धर्माधिकारी वीरेंद्र हेगड़े ने उनका स्वागत किया। उन्होंने धर्मस्थल के प्रेरणास्त्रोत आचार्य गुणधरणनंदी महाराज का आशीर्वाद लिया और वहां की आध्यात्मिकता की सराहना की।

पंचायत पुनर्गठन की प्रक्रिया प्रारम्भ

बालोतरा में बनेगी कई नयी पंचायते

जयपुर टाइम्स

बालोतरा (निस..) ग्राम पंचायतों का भूगोल बदलने की तैयारी में जहां प्रशासनिक अमला सोमवार से आगामी 120 दिन तक कार्य करेगा वहीं राजनीति से जुड़े लोग भी अब तैयार हो गए हैं। पंचायत के चुनावों से पहले बाड़मेर व बालोतरा में उमीद की जा रही है कि लगभग 100 से 150 ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव आ जाएंगे। 2000 की आबादी पर ग्राम पंचायत बनाने की मरुस्थल इलाके में मिली छूट का फायदा होगा।

दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों ने भी अब अपना पूरा ध्यान ग्राम पंचायतों पर केन्द्रित कर दिया है,जिससे नया बदलाव उनके हिसाब से हों।

अब बाड़मेर और बालोतरा में होगी अलग-अलग

बाड़मेर और बालोतरा दोनों जिलों में इस वक्त 688 ग्राम पंचायतें है। वर्ष 2014 में 380 ग्राम पंचायतें थी जो सौ बढ़कर 480 हुई थी। इसके बाद 200 से ज्यादा बढ़ी तो 689 हो गई थी। एक नगरपालिका बनने से संख्या फिर 688 हो गई।

ये अब दो जिलों में बंटेगी

अब बाड़मेर और बालोतरा दो जिले है। ऐसे में यह ग्राम पंचायतें भी अब दो जिलों में बंट जाएंगी। ऐसे में लगभग 688 में से बालोतरा में 266 और बाड़मेर 422 है। इस हिसाब से अब अलग-अलग संख्या का इजाफा होगा।

150 से अधिक का अनुमान

2000 की आबादी के आधार मिलने के बाद में अब उम्मीद जगी है कि करीब 150 ग्राम पंचायतें बाड़मेर-बालोतरा में बढ़ सकती है। ग्राम पंचायतों के जोड़तोड़ का गणित करके इनका पुनर्निर्माण होगा।

कैसे होगा चुनावी गणित

ग्राम पंचायतों में सरपंच चुनावों से पहले हो रहा यह बदलाव बड़ा है। इसको लेकर राजनीतिक पार्टियां भी अब ग्राउण्ड लेवल पर कार्य करने लग गई है। नई ग्राम पंचायत बनने पर सरपंच किसका होगा, यह अहम है। ऐसे में दोनों ही मुख्य दल इस मशक्कत में है कि ग्राम पंचायत का गठन उनकी मंशा के अनुसार हों।

कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने अपने ग्रामीण ब्लॉक स्तर के संगठन को सक्रिय कर दिया है। स्थानीय विधायकों के साथ पूरी टीम अब इस मामले में लगी है कि ग्राम पंचायत का प्रस्ताव सही हो और उनको फायदा पहुंचाने वाला हो

दवाई नहीं देने पर की मारपीट, मोबाइल छीना, मुकदमा दर्ज

सवाई माधोपुर(निस.)। मानटाउन थाना क्षेत्र के बजरिया में मेडिकल दुकान पर दवाई नहीं होने की बात कहने पर एक आरोपी ने मारपीट की तथा मोबाइल छीन लिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित मेडिकल स्टोर दुकानदार ने नामजद आरोपी के खिलाफ मानटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।शिकायतकर्ता राजेन्द्र शर्मा ने रिपोर्ट में बताया कि वह राज मेडिकल स्टोर बजरिया सवाई माधोपुर का मालिक है। 20 जनवरी को समय रात्री लगभग 9.45 बजे उसका भाई सीताराम शर्मा पुत्र द्वारका प्रसाद शर्मा अपनी दुकान पर बैठे थे। इतने में ही एक व्यक्ति जो खुद को बुद्धि निवासी आदलवाडा बता रहा था कार से आया और कार में चार अन्य व्यक्ति भी थे। उक्त लोगों ने परिवादी के से दवाई मांगी। दवाई उपलब्ध नहीं होने पर पीड़ित से गाली गलोच करने लगा और मारपीट की। जब सीताराम शर्मा ने बीच बचाव कराया तो उसके साथ भी मारपीट की और मोबाइल छीनकर कार में बैठकर चले गए।

जिम्मेदार अधिकारी मौन

शहर की जनता जी रही है कचरे के ढेर पर अपनी जिंदगी

कुचामन शहर में बिगड़े सफाई के हालात आमजन परेशान

जयपुर टाइम्स

कुचामन सिटी (निस.) शहर में सफाई व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। कुचामन शहर के विभिन्न गली मोहल्ले में कचरे के ढेर लगे हुए हैं।इन कचरो के ढेर की वजह से गंदगी फैल रही है। एवं कचरे की वजह से गंदी बदबू आ रही है।मौसमी बीमारियां पनप रही है। लेकिन बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर नगर परिषद प्रशासन किसी और ध्यान नहीं दे रहा है। नगर परिषद को बार-बार अवगत कराने के बावजूद भी नगर परिषद कोई सुनवाई नहीं कर रही है।जिससे मौसमी बीमारियां बढ़ रही है।शहर के ब्रह्मपुरी नया शहर में पिछले काफी दिनों से कचरे के ढेर लगे हुए हैं।

पर कचरा उठाने वाले कर्मचारी भी नहीं आ पा रहे हैं।नगर परिषद के ठेकेदार सफाई कर्मियों को कॉलोनी वासियों द्वारा बार बार अवगत कराने के बावजूद भी कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।कॉलोनी वासियों का कहना है कचरे के ढेर से सारे दिन बदबू आती रहती है। वह बच्चे भी गंदगी के ढेर लगने से बीमार हो रहे हैं।दुर्गंध इन कचरो से इतनी आती रहती है।कि कोई पास से



अगर आदमी निकल जाए तो उल्टियां चालू हो जाए।

हमने नगर परिषद के आयुक्त को इस समस्या के बारे में बार-बार अवगत करवा चुके हैं उसके अलावा सफाई कर्मचारी एस आई वह ठेकेदार को भी हमने बार-बार निर्देशित किया है पर उन लोगों पर कोई भी असर नहीं हो रहा है जब से नगर परिषद में पिछले चार महीने से बाहर की कंपनी को ठेका दिया है तब से शहर की व्यवस्था चरमरा गई है संबंधित सफाई कर्मचारी को बार-बार निर्देशित करने के बाद में भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं जा रहा है।

हेमराज चावला
उपसभापति नगर परिषद कुचामन शहर

विभागीय कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का यथाशीघ्र निस्तारित कर परिवादियों की संतुष्टि प्रतिशत को बढ़ायें - जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स

बांलोतरा(निस.) जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने कहा कि समस्त विभागीय अधिकारी संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की नियमित रूप से समीक्षा करें, साथ ही इनको यथाशीघ्र निस्तारित करवाने के साथ आमजन को राहत पहुंचाते हुए परिवादियों की संतुष्टि का प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करें। उन्होंने जन सुनवाई में दर्ज प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। अभियान के तहत जिले में सेम्पलिंग को बढ़ाने के साथ ही जन जागरूकता अभियान चलाए। साथ ही अधिक से अधिक निक्षय मित्रों की नियुक्ति करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि अब तक जारी हुए आयुष्मान कार्ड संबंधित व्यक्तियों को आवश्यक रूप से वितरित हो जाए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के लिए पात्र व्यक्तियों का शत-प्रतिशत पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर यादव ने सड़क सुरक्षा माह की समीक्षा कर सार्वजनिक निर्माण विभाग को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों एवं ब्लेक स्पोर्ट पर सांकेतिक चिन्ह लगाने एवं स्पीड ब्रेकर पर सफेद पटिका अंकित करने के साथ सुरक्षातमक उपाय करने के निर्देश दिये। उन्होने उन्होने कहा कि राईजिंग राजस्थान के तहत किये गये एमओयू के भूमि आवटंन में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभाग समंवय के साथ कार्य करें।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, अतिरिक्त जिला कलक्टर अशोक कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वांकाराम चौधरी, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता सोनाराम पटेल, रीको क्षेत्रीय प्रबंधक सुशील कटियार, जिला शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार मीणा, नगर परिषद आयुक्त जितेन्द्र चौकीदार समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

संपादकीय .....

बीते जमाने की बात होती सोशियोट्रॉपी

सामाजिक ताने बाने में बदलाव को इस तरह से आसानी से समझा जा सकता है कि सोशियोट्रॉपी आज बीते जमाने की बात होती जा रही है। कोरोना के बाद तो हालात में और भी अधिक बदलाव आया है। आज की पीढ़ी में सामाजिकता का स्थान वैयक्तिकता लेती जा रही है। एक समय था जब सामाजिकता को वैयक्तिकता के स्थान पर अधिक तरजीह दी जाती थी। परिवार, मौहल्लों और आसपास कोई ना कोई ऐसे अवष्य मिल जाते थे जो जगत मामा तो कोई जगत काका तो कोई जगत दादा होते थे। छोटा हो या बड़ा, दादी हो या पोती, सास हो या बहू सब उन्हें प्रसिद्ध नाम से ही पुकारते थे। यह था एक तरह का अपनत्व। इस तरह के व्यक्तित्व वाले व्यक्ति सभी के चहेते होते थे तो जान-पहचान हो या ना हो, वे जरुरत के समय पहुंच जाते थे। सुख दुख खासतौर से मुसिबत के समय ऐसे व्यक्ति आगे रहते थे। हांलाकि आज इस तरह के व्यक्तित्व को ढूंढना लगभग असंभव सा ही है।

दरअसल हमारी परंपरा व्यस्टी का ना होकर समस्टी की रही है। बच्चों को पहले सामाजिकता का पाठ पढ़ाया जाता था। बच्चे मौहल्ले के सभी घरों को अपना ही घर मानकर चलते थे तो मौहल्ले में रहने वाले किसी का भी बच्चा हो उसे अपने बच्चे जितना ही प्यार और दुलार देते थे। दुख दर्द में पूरा मौहल्ला साथ हो जाता था। मौहल्ले में किसी घर में मौत हो जाती थी तो पड़ोसी उस परिवार को संभालने और देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं अपने हाथ में ले लेते थे। शादी-विवाह में काम बंट जाता था, आज तो केटरिंग का जमाना आ गया नहीं तो सैकड़ों लोगों को परिवार और मौहल्ले के युवा ही भोजन कराने की जिम्मेदारी निभा लेते थे। हलवाई के काम शुरु करते ही मौहल्ले के लोग बारी बारी से देखरेख व सहयोग के लिए तैयार रहते थे। आज यह सब बदल गया है। गगन चुंबी इमारतों में कई परिवार रहते हैं और हालात यहां तक हो गए हैं कि एक ही कॉम्पलेक्स या अपार्टमेंट में रहने वाले एक दूसरे को पहचानते ही नहीं। ऐसे में आपसी सहयोग और मेल मिलाप की बात करना बेमानी होगा।

सोशियोट्रॉपी मनोविज्ञान में प्रयोग होता है। हांलाकि इसे सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही अर्थों में लिया जाता है। दूसरों को खुश रखने की खुशी में अपने खुशी को भूल जाना वाली मनोस्थिति को भी सोशियोट्रापी के रुप में देखा जाता है। यही कारण है कि इस एकांगिग अर्थ को लेने के चक्कर में सोशियोट्रोपी मानसिकता वाले लोगों के अवसादग्रस्त, तनाव पीड़ित और हमेशा चिंतित रहने की मनोदशा को साइड इफेक्ट के रुप में देखा जाता है। जबकि सोशियोट्रापी यहीं तक सीमित नहीं है। दूसरे के दुखदर्द में भागीदार होना, आवश्यकता के समय निस्वार्थ सहयोग व सहायता करना, दूसरे की परेशानी को समझना और उसे दूर करने में यथासंभव सहयोग करना यह सोशियोट्रापी का ही एक रुप है। हमारी परंपरा में जो व्यक्ति केवल अपने आप के बारे में सोचता है उसे एकलखोर या स्वार्थी कहा जाता रहा है। हमारी परंपरा वसुधेव कुटुम्बकम की रही है। हमारी परंपरा में दूसरे की उन्नती देखकर प्रसन्न होने की भावना रही है। खुशी के मोके पर मिठाई बांटना खुशी में सभी को भागीदार बनाना है। इसी तरह से जरुरत के समय खड़े हो जाना जरुरतमंद के लिए संबल होता है।

क्या अमेरिका के स्वर्णिम दौर में शेष विश्व को मिल पाएगी तीसरे विश्वयुद्ध से मुक्ति ?

दुनियावी चक्रब्यूह में निरंतर घिरते जा रहे अमेरिका ने जब यौद्धिक %चंद्रायण व्रत% की बात कही तो सहसा विश्वास नहीं हुआ! वहीं, दुनिया के थानेदार की मजबूरी, दूरदर्शिता और खुदगर्जी भी स्पष्ट महसूस हुई। क्योंकि लगातार किसी न किसी सांसारिक संघर्ष में उलझकर थक-हार चुके देश अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी विक्ट्री रैली में विक्ट्री स्पीच देते हुए जो कुछ संकेत दिया, उसका सार-सत्य यही है कि अपने लोगों के बेहतर भविष्य के लिए अमेरिका अब तीसरा विश्व युद्ध नहीं लड़ना चाहता है और इसकी बची-खुची संभावनाओं को भी जल्द खत्म करने की हिमायत करेगा।

इसलिए सवाल उठ रहा है कि क्या अमेरिका के स्वर्णिम दौर में शेष विश्व को तीसरे विश्वयुद्ध से मुक्ति मिल पाएगी? या फिर यह किसी अन्य देश यथा- चीन या रूस के मार्फ़त अन्य देशों पर थोपी जाएगी, जिससे प्रथम विश्वयुद्ध की भांति अमेरिका दूर रहेगा। यूं तो दूसरे विश्वयुद्ध के शुरुआती चरण में भी अमेरिका इस महायुद्ध से दूर ही रहा था, लेकिन जब मजबूरी वश उसमें शामिल हुआ तो युद्ध के परिणामों को अपने गुट पक्ष में बदल दिया।

वहीं, उसकी मौजूदा साफगोई से भी इसी बात का पता चलता है कि अभी भले ही वह तीसरा विश्वयुद्ध नहीं लड़ना चाहता हो, लेकिन यदि उस पर तीसरा विश्वयुद्ध थोपा गया तो इसके भी परिणाम बदलने की क्षमता उसमें है और रही-सही कसर को पूरा करने के लिए ही वह %मेक अमेरिका ग्रेट अगेन% पर फोकस करना चाहता है। कहा भी गया है कि अग्र सोची, सदा सुखी। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने अपना नया रास्ता चुन लिया है। अब शेष विश्व को यह तय करना है कि वह आगे क्या करेगा। इस नजरिए से भारत की राह भी स्पष्ट है। जो अमेरिका से अब एक हद तक मिलती जुलती है।

कहना न होगा कि समकालीन विश्व में कभी जल के सवाल पर, कभी तेल के प्रश्न पर, कभी रूसी कीप एंड बैलेंस की नीतियों से, तो कभी चीनी विस्तारवादी रणनीतियों से और कभी दुनिया के देशों पर शासन करने की इस्लामिक देशों की सामूहिक महत्वाकांक्षा से अभिप्रेरित तृतीय विश्वयुद्ध की अमूमन दस्तक देता रहता है। जानकार बताते हैं कि यूएसए और यूएसएसआर के बीच शीत युद्ध की समाप्ति के बाद भले ही अमेरिका ने दुनिया की थानेदारी की, लेकिन अमेरिकी नेतृत्व वाले %नाटो% को अब जिस तरह से रूस और चीन मिलकर %ब्रिक्स देशों% के मार्फ़त घेर रहे हैं, उससे तीसरा विश्वयुद्ध अवश्यम्भावी प्रतीत होता है।

आपने देखा होगा कि कभी मिडिल-ईस्ट देशों में, तो कभी क्वाड देशों के अगुवा के तौर पर अमेरिका की भूमिका अक्सर संदेह के घेरे में रही है। वहीं, रूस-यूक्रेन विवाद के युद्ध में तब्दील हो जाने के बाद अमेरिकी दुविधा को लेकर और उसकी नवपरिवर्तित आर्थिक नीतियों को लेकर यूरोपीय संघ के कुछ देशों, यथा- जर्मनी-फ्रांस-इंग्लैंड आदि के द्वारा जिस तरह से उसके नेतृत्व पर सवाल उठाए जाने लगे हैं, इससे अमेरिकी चिंता बढ़नी स्वाभाविक है।

वहीं, ग्रीन लैंड द्वीप को खरीदने, पनामा नहर पर पुनः अमेरिकी प्रभुत्व स्थापित करने, मेक्सिको के समीप दीवार खड़ा करने, कनाडा को अमेरिका में मिलाने आदि को लेकर जो अमेरिकी सक्रियता

दिखी है, उससे अमेरिकी-यूरोपीय महाद्वीपों में हलचल स्वाभाविक हैं। यदि एशिया महाद्वीप की बात करें तो यहां चीन-रूस की जोड़ी अमेरिका पर हावी है। भारत को साथ लेकर अमेरिका यहां संतुलन साधना चाहता है, लेकिन भारत-रूस की पुरानी मित्रता यहां आड़े आ जाती है। वहीं, अफगानिस्तान-पाकिस्तान-बंगलादेश-म्यांमार-श्रीलंका आदि भारत के पड़ोसी देशों को लेकर और जम्मूकश्मीर से तिब्बत तक के विवादों को सुलझाने की दिशा में अमेरिका की %क्षुद्र रणनीतियों% की वजह से भारत भी उस पर पूरी तरह से भरोसा नहीं कर पा रहा है।

वहीं, उत्तर कोरिया, ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, दक्षिण चीन सागर से जुड़े देशों और आशियान देशों के प्रति अमेरिका की जो ढुलमुल रणनीति रही है, उससे भी भारत चिंतित रहता है। या फिर अरब देशों पर आधिपत्य को लेकर जो अमेरिकी रणनीति रही है, उससे भी भारत परेशान रहता है। भारत इजरायल के निकट है, लेकिन अरब देशों को भी नाराज करने की स्थिति में वह नहीं है। जबकि ईरान से लेकर यूक्रेन तक में अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो की जो भूमिका रही है, सीरिया से लेकर यूक्रेन तक जो अमेरिकी रणनीति रही है, इससे भारतीय कूटनीति भी प्रभावित होती आई है।

यही वजह है कि यदि अमेरिका अपनी पुरानी शस्त्र व्यापार कूटनीति पर अडिग रहता है तो तीसरा विश्वयुद्ध अवश्यम्भावी है। वहीं, इधर देखा जा रहा है कि जर्मनी-फ्रांस, भारत-जापान, ईरान-तुर्किये, ऑस्ट्रेलिया-ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका-इंग्लैंड, कनाडा-मैक्सिको आदि पर नाटो का प्रभाव जहां कम हुआ है, वहीं ब्रिक्स देशों के नेतृत्वकर्ता चीन-रूस का रणनीतिक दबाव बढ़ा है। ऐसे में अमेरिकी महत्वाकांक्षाओं को काबू में रखने में ही अमेरिका की भलाई है। शायद दुनिया के विभिन्न देशों की बढ़ती वैश्विक महत्वाकांक्षाओं के चलते ही अमेरिका ने अब अपने को कछुए की भांति निज कवच में ही महफूज रहने की रणनीति अपना ली है, जो उसका दूरदर्शिता भरा कदम है।

वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध, चीन-ताइवान विवाद आदि के बाद सम्भावित तीसरे विश्व युद्ध की अलग-अलग उठ रही शंकाओं/संभावनाओं को हतोत्साहित करने के लिए अपनी ओर से जो प्रतिबद्धता जताई है, वह काबिलेतारीफ है।

अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद दिए अपने भाषण में ट्रंप ने कहा कि %अमेरिका का स्वर्णिम काल अभी से शुरू हो गया है। हम अपनी संप्रभुता बनाए रखेंगे। दुनिया हमारा इस्तेमाल नहीं कर सकेगी। अमेरिका में अब घुसपैठ नहीं होगी।% इस दौरान एक बार फिर ट्रंप ने %मेक अमेरिका ग्रेट अगेन% का नारा दोहराया।

इस दौरान ट्रंप ने साफ कहा कि अमेरिका में अब सेंसरशिप नहीं होगी। आज की तारीख अमेरिकियों के लिए आजादी का दिन है। अब हमारे देश का कोई भी इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। जो भी इस देश का इस्तेमाल करेगा उसे सबक सिखाया जाएगा। ट्रंप ने अपने ऊपर चुनाव प्रचार के दौरान हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि वह इसलिए ही बच गए क्योंकि उन्हें अमेरिका को बहुत आगे ले जाना है।

ट्रंप ने आगे यह भी कहा कि, %आज से, हमारा देश फिर से समृद्ध होगा और पूरी दुनिया में हमारा सम्मान किया जाएगा। हम किसी देश को खुद का अब और फायदा उठाने की अनुमति नहीं देंगे। हमारी संप्रभुता को दोबारा हासिल किया जाएगा। हमारी सुरक्षा बहाल की जाएगी। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता एक ऐसा राष्ट्र बनाना होगा जो गौरवान्वित, समृद्ध और स्वतंत्र हो।%

इसके अलावा, राष्ट्रपति ट्रंफ ने कहा, %हम अपनी दक्षिणी सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा करते हैं। उन्होंने मेक्सिको के साथ लगती अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर घुसपैठ को रोकने के लिए सेना भेजने का भी ऐलान किया और कहा कि अवैध प्रवासियों को वहीं छोड़कर आएंगे जहां से वो आए हैं।

दुनियादारी पर ट्रंप ने दो टूक कहा कि, अंतरिक्ष में अमेरिका का परचम लहराएगा। मेरी शपथ से पहले इजराइली बंधक छूटे। मिडिल ईस्ट में शांति बहाली के लिए कोशिश करेंगे। मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करेंगे। अमेरिका के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। मंगल ग्रह पर अंतरिक्ष यात्री भेजेंगे। सेना अपने मिशन के लिए आजाद होगी। डोनाल्ड ट्रंप ने फिर कहा, दूसरे की जंग में अमेरिका सेना नहीं जाएगी। मैं चाहता हूं कि दुनिया मुझे शांति दूत के तौर पर जाने।

वहीं, चीन को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि पनामा कैनाल से चीन का अधिपत्य खत्म करेंगे। पनामा कैनाल को वापस लेंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि, मैं देशों को जोड़ने की कोशिश करूंगा। शांति स्थापित करना मेरी प्राथमिकता है। विरोधियों के खिलाफ बदले की कार्रवाई नहीं होगी। अमेरिका सैनिकों के अधिकार बढ़ाए जाएंगे। मैं युद्ध रोकने की कोशिश करूंगा।

वहीं, ट्रंप ने आगे कहा कि दूसरे देशों पर टैक्स और टैरिफ बढ़ाएंगे। हम देश की कानून व्यवस्था को पटरी पर लाएंगे। अमेरिका के लोगों को बोलने की स्वतंत्रता होगी। अमेरिका के दुश्मनों को हराकर रहेंगे। उन्होंने अमेरिका में ड्रग तस्करों को आंतकी घोषित करने का भी ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा, अमेरिकी न्याय विभाग का क्रूर और अनुचित हथियारीकरण खत्म हो जाएगा। उन्होंने अमेरिका को लेकर अपनी नीतियों का भी खाका देश और दुनिया के सामने रख दिया है।

– कमलेश पाण्डेय

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

समसामयिक

कश्मीर से पंडितों के पलायन के चार दशक

कश्मीर के सर्वाधिक नए जन सांख्यिकीय आंकड़ों पर नजर डाले तो स्वतंत्रता के समय वहां घाटी में 15त्न कश्मीरी पंडितों की आबादी थी जो आज 1त्न से नीचे होकर 0त्न की ओर बढ़ गई है। हाल ही के इतिहास में कश्मीर के ज.स. सांख्यिकी में यदि परिवर्तन का सबसे बड़ा कारक खोजें तो वह एक दिन, यानि 19 जनवरी 1990 के नाम से जाना जाता है। कश्मीरी पंडितों को उनकी मातृभूमि से खदेड़ देनें की इस घटना की यह भीषण और वीभत्स कथा 1989 में आकार लेनें लगी थी। पाकिस्तान प्रेरित और प्रायोजित आतंकवादी और अलगाववादी यहाँ अपनी जड़ें बैठा चुके थे। भारत सरकार आतंकवाद की समाप्ति में लगी हुई थी तब के दौर में वहां रह रहे ये कश्मीरी पंडित भारत सरकार के मित्र और इन आतंकियों और अलगाववादियों के दुश्मन और खबरी सिद्ध हो रहे थे। इस दौर में कश्मीर में अलगाववादी समाज और आतंकवादियों ने इस शांतिप्रिय हिन्दू पंडित समाज के विरुद्ध चल रहे अपनें धीमे और छदम संघर्ष को घोषित संघर्ष में बदल दिया। इस भयानक नरसंहार पर फारुक अब्दुल्ला की रहस्यमयी चुप्पी और कश्मीरी पंडित विरोधी मानसिकता केवल इस घटना के समय ही सामने नहीं आई थी। तब के दौर में तत्कालीन मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला अपने पिता शेख अब्दुल्ला के क़दमों पर चलते हुए अपना कश्मीरी पंडित विरोधी आचरण कई बार सार्वजनिक कर चुके थे। 19 जनवरी 1990 के मध्ययुगीन, भीषण और पाशविक दिन के पूर्व जमात-ए-इस्लामी द्वारा कश्मीर में अलगाववाद को समर्थन करने और कश्मीर को हिन्दू विहीन करनें के उद्देश्य से हिज्बुल मुजाहिदीन की स्थापना हो गई थी। इस हिजबुल मुजाहिदीन नें 4 जनवरी 1990 को कश्मीर के स्थानीय समाचार पत्र में एक एक विज्ञप्ति प्रकाशित कराई जिसमें स्पष्टतः सभी कश्मीरी पंडितों को कश्मीर छोड़ने की धमकी दी गई थी। इस क्रम में उधर पाकिस्तानी प्रधानमन्त्री बेनजीर नें भी टीवी पर कश्मीरियों को भारत से मुक्ति पानें का एक भड़काऊ भाषण दे दिया। घाटी में खुले आम भारत विरोधी नारे लगनें लगे। घाटी की मस्जिदों में अजान के स्थान पर हिन्दुओं के लिए धमकियां और हिन्दुओं को खदेड़ने या मार-काट देने के जहरीले आव्हान बजनें लगे। एक अन्य स्थानीय समाचार पत्र अल-सफा ने भी इस विज्ञप्ति का प्रकाशन किया था। इस भड़काऊ, नफरत, धमकी, हिंसा और भय से भरे शब्दों और आशय वाली इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के बाद

कश्मीरी पंडितों में गहरें तक भय, डर घबराहट का संचार हो गया। यह स्वाभाविक भी था क्योंकि तब तक कश्मीरी पंडितों के विरोध में कई छोटी बड़ी घटनाएं वहां सतत घाट ही रही थी और कश्मीरी प्रशासन और भारत सरकार दोनों ही उन पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे थे। 19जन. 1990 की भीषणता को और कश्मीर और भारत सरकार की विफलता को इससे स्पष्ट समझा जा सकता है कि पूरी घाटी में कश्मीरी पंडितों के घर और दुकानों पर नोटिस चिपका दिए गए थे कि 24 घंटो के भीतर वे घाटी छोड़ कर चले जाएँ या इस्लाम ग्रहण कर कड़ाई से इस्लाम के नियमों का पालन करें। घरों पर धमकी भरें पोस्टर चिपकाने की इस बदनाम घटना से भी भारत और कश्मीरी सरकारें चेती नहीं और परिणाम स्वरुप पूरी घाटी में कश्मीरी पंडितों के घर धूं-धूं जल उठे। तत्कालीन मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला इन घटनाओं पर रहस्यमयी आचरण अपनाए रहे, वे कुछ करनें का अभिनय करते रहे और कश्मीरी पंडित अपनी ही भूमि पर ताजा इतिहास की सर्वाधिक पाशविक-बर्बर-क्रूरतम गतिविधियों का खुले आम शिकार होते रहे, घाटी में पहले से फैली अराजकता चरम पर पहुँच गई। कश्मीरी पंडितों के सर काटे गए, कटे सर वाले शवों को चौक-चौराहों पर लटकाया गया। बलात्कार हुए, कश्मीरी पंडितों की स्त्रियों के साथ पाशविक-बर्बर अत्याचार हुए। गर्म सलाखों शरीर में दागी गई और इज्जत आबरू के भय से सैकड़ों कश्मीरी पंडित स्त्रियों ने आत्महत्या करनें में ही भलाई समझी। बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों के शवों का समुचित अंतिम संस्कार भी नहीं होनें दिया गया था, कश्यप ऋषि के संस्कारवान कश्मीर में संवेदनाएं समाप्त हो गई और पाशविकता-बर्बरता का वीभत्स नंगा नाच दिखा था। जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट और हिजबुल मुजाहिदीन ने जाहिर और सार्वजनिक तौर पर इस हत्याकांड का नेतृत्व किया था। ये सब एकाएक नहीं हुआ था, हिजबुल और अलगाववादियों का अप्रत्यक्ष समर्थन कर रहे फारुख अब्दुल्ला तब भी चुप रहे थे या कार्यवाही करनें का अभिनय मात्र कर रहे थे जब भाजपाई और कश्मीरी पंडितों के नेता टीकालाल टपलू की 14 सित. 1989 को दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी।

अलगाववादियों को कश्मीर प्रशासन का ऐसा वरद हस्त प्राप्त रहा कि बाद में उन्होंने कश्मीरी पंडित और श्रीनगर के न्यायाधीश एन. गंजू की भी हत्या की और प्रतिक्रया होनें पर 320 कश्मीरी स्त्रियों, बच्चों और पुरुषों की हत्या कर दी थी। ऐसी कितनी ही हृदय विदारक, अत्याचारी और बर्बर घटनाएं कश्मीरी पंडितों के साथ घटती चली गई और दिल्ली सरकार लाचार देखती भर रही और उधर श्रीनगर की सरकार तो जैसे खुलकर इन आतताइयों के पक्ष में आ गई थी। इस पृष्ठभूमि में हिजबुल और जेकेएलएफ़ का दुस्साहस बढ़ना स्वाभाविक ही था और वह निर्णायक तौर पर कश्मीरी पंडितों की दुकानों-घरों पर 24 घंटे में घाटी छोड़ देनें या मार दिए जानें की धमकी के नोटिस चस्पां करनें की हद तक बढ़ गया। इसके बाद जो हुआ वह एक दुखद, क्षोभजनक, वीभत्स, दर्दनाक और इतिहास को दहला देनें वाले काले अध्याय के रूप में सामनें आया।अन्ततोगत्वा वही हुआ जो वहां के अलगाववादी, आतंकवादी हिजबुल और जेकेएल?फ़ चाहते थे। कश्मीरी पंडित पूर्व की घटनाओं, घरों पर नोटिस चिपकाए जानें और बेहिसाब कत्लेआम से घबराकर 19 जन. 1990 को हिम्मत हार गए। फारुख अब्दुल्ला के कुशासन में आतंकवाद और अलगाववाद चरम पर आकर विजयी हुआ और इस दिन साढ़े तीन लाख कश्मीरी पंडित अपनें घरों, दुकानों, खेतों, बागो और संपत्तियों को छोड़कर विस्थापित होकर दर-दर की ठोकरें खानें को मजबूर हो गए।

–प्रवीण गुगनानी

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

कश्मीर के सर्वाधिक नए जन सांख्यिकीय आंकड़ों पर नजर डाले तो स्वतंत्रता के समय वहां घाटी में 15त्न कश्मीरी पंडितों की आबादी थी जो आज 1त्न से नीचे होकर 0त्न की ओर बढ़ गई है। हाल ही के इतिहास में कश्मीर के ज.स. सांख्यिकी में यदि परिवर्तन का सबसे बड़ा कारक खोजें तो वह एक दिन, यानि 19 जनवरी 1990 के नाम से जाना जाता है। कश्मीरी पंडितों को उनकी मातृभूमि से खदेड़ देनें की इस घटना की यह भीषण और वीभत्स कथा 1989 में आकार लेनें लगी थी। पाकिस्तान प्रेरित और प्रायोजित आतंकवादी और अलगाववादी यहाँ अपनी जड़ें बैठा चुके थे। भारत सरकार आतंकवाद की समाप्ति में लगी हुई थी तब के दौर में वहां रह रहे ये कश्मीरी पंडित भारत सरकार के मित्र और इन आतंकियों और अलगाववादियों के दुश्मन और खबरी सिद्ध हो रहे थे।

शख्सियत

70 के दशक की बोल्ड एक्ट्रेस थीं परवीन बाबी, तन्हाई बनी थी मौत का कारण

भारतीय सिनेमा में महिलाओं के रूढ़िबद्ध प्रतिनिधित्व को तोड़ने वाली अभिनेत्री परवीन बाबी 20 जनवरी को इस दुनिया को अलविदा कह गई थीं। 70 के दशक में जब अभिनेत्रियां सूट और साड़ी पहनकर स्क्रीन पर दिखती थीं। तब उस दौरान अभिनेत्री परवीन बाबी अपने बोल्ड अंदाज से दर्शकों के दिलों पर राज कर रही थीं। करीब 3 दशक तक बड़े पर्दे पर राज करने वाली अभिनेत्री परवीन आज ही के दिन यानी की 20 जनवरी को इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह गई थीं। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर एक्ट्रेस परवीन बाबी के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म

सौराष्ट्र के जूनागढ़ के एक मिडिल क्लास मुस्लिम परिवार में 04 अप्रैल 1949 को परवीन बाबी का जन्म हुआ था। उन्होंने अपनी शुरूआती शिक्षा पूरी कर सेंट जेवियर्स कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य में बीए किया था। पढ़ाई पूरी होने के बाद वह मॉडलिंग की दुनिया में सक्रिय हो गई थीं।

फिल्मी करियर

इसी दौरान मॉडलिंग में करियर बना रहीं परवीन बाबी की मुलाकात फिल्म निर्देशक बीआर इशारा से हुई। बताया जाता है कि परवीन को सिगरेट का कश लगाते देख बीआर ने फैसला कर लिया कि वही उनकी हिरोइन बनेंगी। फिर साल 1973 में रिलीज हुई फिल्म %चरित्र% में पहली बार परवीन बाबी नजर आई। हालांकि यह फिल्म तो बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल दिखा नहीं पाई, लेकिन परवीन बाबी का जादू दर्शकों पर चल गया था।

परवीन बाबी की लव लाइफ

बताया जाता है कि अभिनेत्री परवीन बाबी का पहला अफेयर डैनी के साथ था। डैनी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने एक-दूसरे को करीब 4 साल तक डेट किया था। लेकिन यह रिश्ता लंबा नहीं चल सका। इसके बाद अभिनेत्री की जिंदगी में कबीर बेदी आए और दोनों करीब 3 साल तक साथ रहे। लेकिन किसी कारणवश यह रिश्ता भी नहीं टिका। प्यार में दो बार फेल होने के बाद परवीन बाबी को महेश भट्ट का सहारा मिला। यह वो दौर था, जब परवीन बाबी इंडस्ट्री में अपना नाम बना चुकी थीं। तो वहीं महेश भट्ट उस दौरान फ्लॉप फिल्ममेकर थे। अभिनेत्री जब महेश भट्ट के साथ रिश्ते में थीं, तभी उनको पैरानायड स्कित्ज़ोफ्रेनिया नामक मानसिक बीमारी हुई थी। बता दें कि सदी के महानायक अमिताभ बच्चन और परवीन बाबी ने कई फिल्मों में एक साथ काम किया था। लेकिन एक समय वह भी आया, जब यह अफवाह उड़ी कि अमिताभ और परवीन एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। जब कथित प्रेम प्रसंग की चर्चा होने लगी, तो अमिताभ बच्चन ने रिश्ता तोड़ दिया।

बाद में एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि अमिताभ बच्चन ने उनको किडनैप करने की कोशिश की थी और वह एक अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर हैं। अभिनेत्री ने दावा किया कि उनको किडनैप कर अमिताभ बच्चन एक द्वीप पर ले गए थे। जहां पर अमिताभ ने एक्ट्रेस की सर्जरी की और उनके दाहिने कान के नीचे ट्रांसमीटर या चिप लगाई थी। परवीन बाबी ने अमिताभ बच्चन के खिलाफ मामला दर्ज करवाकर उन्हें कोर्ट में भी घसीटा था, लेकिन एक्ट्रेस की बीमारी का पता चलने पर उनके सभी आरोपों को खारिज कर दिया गया था।

मौत

बता दें कि 20 जनवरी 2005 को अभिनेत्री परवीन बाबी अपने घर में मृत पाई गई थीं। दरअसल, कई दिनों तक परवीन बाबी के घर के बाहर न्यूज पेपर और दूध के पैकेट पड़े रहे। यह देखकर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर जब पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो घर के अंदर से अभिनेत्री परवीन बाबी का शव मिला। बताया जाता है कि तन्हाई परवीन बॉबी की मौत का कारण बनी थी।

अनवर में दीप्ति के छोटे रोल से कैसे बनीं मिर्जापुर की बिना त्रिपाठी

रसिका दुग्गल इन दिनों अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। मिर्जापुर में रसिका ने बिना त्रिपाठी का किरदार निभाया, जो मिर्जापुर सीरीज के हर एक प्रशंसक का पसंदीदा किरदार बन चुका है। रसिका ने बिना से पहले भी कई फिल्मों और सीरीज में बेहतरीन किरदार निभाए हैं, जिनमें उनके जबर्दस्त अभिनय ने दर्शकों का दिल जीता है।

मिर्जापुर-बिना त्रिपाठी

मिर्जापुर क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में रसिका दुग्गल ने कालीन भैया की दूसरी पत्नी का किरदार निभाया था। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इसके बाद इसका दूसरा भाग मिर्जापुर 2 और अब जल्द ही मिर्जापुर 2 आने वाली है। इस सीरीज में बिना त्रिपाठी के किरदार से रसिका ने सभी का दिल जीत लिया है।

अनवर-दीप्ति

रसिका दुग्गल का जन्म 17 जनवरी 1985 को बिहार में हुआ। रसिका वैसे तो कई भारतीय फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी बेहतरीन भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। 2007 में रसिका ने फिल्म अनवर में एक छोटी भूमिका के साथ स्क्रीन पर शुरुआत की थी। इस फिल्म में रसिका ने दीप्ति नाम का किरदार निभाया था। यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म थी, जिसे मनीष झा ने लिखा और निर्देशित किया है। रसिका के अलावा इस फिल्म में सिद्धार्थ कोइराला और मनीषा कोइराला के साथ राजपाल यादव और नौहीद सिरुसी भी नजर आए।

दिल्ली क्राइम

नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस क्राइम सीरीज दिल्ली क्राइम में रसिका दुग्गल के काम ने दर्शकों का दिल जीतने में जरा सी भी कसर नहीं छोड़ी। इस सीरिज को रिची मेहता ने लिखा और निर्देशित किया है। इस सीरिज में रसिका के अलावा में शेफाली शाह, आदिल हुसैन और राजेश तैलंग नजर आए।

आउट ऑफ लव-डॉ. मीरा कपूर

रसिका दुग्गल के आउट ऑफ लव वेब सीरीज में भी बेहतरीन अभिनय किया है। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई थी। इस सीरीज में रसिका ने डॉ. मीरा कपूर की भूमिका निभाई थी। आउट ऑफ लव माइक बार्टलेट द्वारा डॉक्टर फोस्टर पर आधारित एक भारतीय थ्रिलर ड्रामा टेलीविजन सीरीज है। इसका निर्देशन तिग्मांशु धूलिया और ऐजाज खान ने किया है, जिसमें रसिका दुगल के अलाव पूरब कोहली मुख्य भूमिकाओं में नजर आए।

ए सूटेबल बॉय

नेटफ्लिक्स और बीबीसी वन पर रिलीज हुई सीरीज ए सूटेबल बॉय में भी रसिका दुग्गल के काम को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस सीरिज को मीरा नायर ने निर्देशित किया है। यह सीरीज विक्रम सेठ के 1993 के इसी नाम के उपन्यास से एंड्रयू डेविस द्वारा रूपांतरित की गई है।

मम्मी की ऐक्टिंग देख सिनेमा से हुआ प्यार

बॉलीवुड में जल्द ही एक और स्टार किड पर्दे पर दस्तक देने जा रही है और वह नई-नवेली हीरोइन हैं राशा थडानी। मशहूर एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा निर्देशक अभिषेक कपूर की फिल्म आजाद से अपनी फिल्मी पारी का आगाज करने जा रही हैं। खास बात यह है कि बचपन से एक्ट्रेस बनने का सपना देखने वाली राशा ने अपनी 12वीं की पढ़ाई भी पूरी नहीं की थी, जब उन्हें यह फिल्म मिल गई। इसके चलते, उन्हें फिल्म की शूटिंग के दौरान अपने बोर्ड एग्जाम की तैयारी भी करनी पड़ी। बकौल राशा, सिनेमा के लिए उनका प्यार अपनी मम्मी रवीना टंडन के सेट पर हुआ। वह कहती हैं, सिनेमा से प्यार तो मुझे बचपन में ही हो गया था, क्योंकि जब मैं छोटी थी, तब मम्मा के साथ उनके सेट पर बहुत जाती थी। मैंने उन्हें कैमरे के सामने परफॉर्म करते हुए काफी देखा है और उनसे बहुत सीखा भी है। मम्मी को डांस करते या कैमरे के आगे एक्सप्रेशन देते हुए देखना मेरे लिए बहुत प्रेरित करने वाला था। इसलिए, जब मैं बड़ी हो रही थी, तब मुझे पता था कि मुझे भी एक्टिंग ही करनी है। यह बात मेरी मम्मा और पापा भी जानते थे क्योंकि मेरा और कोई इंट्रेस्ट नहीं था। फिल्म में राशा का डांस नंबर उई अम्मा काफी पॉपुलर हो चुका है। राशा की मां रवीना टंडन के तू चीज बड़ी है मस्त-मस्त, अंखियों से गोली मारे, शहर की लड़की जैसे कई आइकॉनिक डांस नंबर रहे हैं, तो क्या राशा ने अपनी मां से डांस के टिप्स लिए? इस पर उन्होंने बताया, मैं बचपन से डांस कर रही हूं। मैंने कथक सीखा है तो उससे मुझे बहुत मदद मिली। इसके अलावा, मम्मा ने मुझे अपने गानों के बजाय हमेशा रेखा जी के गाने, उनकी परफॉर्मेंसेज दिखाई। जैसे इन आंखों की मस्ती में... गाने में छोटे छोटे पार्ट ब्रेक करके वह सिखाती थीं कि देखो, रेखा जी के एक्सप्रेशन यहां पर कैसे है, तो मम्मी ने हमेशा यह सिखाया कि डांस में एक्सप्रेशन बहुत मायने रखता है।

राशा के मुताबिक, फिल्म के लिए बोली का अंदाज पकड़ना उनके लिए मुश्किल था। वह बताती हैं, हमने शूटिंग से पहले काफी वर्कशॉप किए थे। रिहर्सल भी की थी। घुड़सवारी की क्लासेज ली थीं। साथ ही, फिल्म में बुंदेलखंडी बोलनी थी तो उसके लिए भी क्लासेज हुई थीं, मगर इस बोली को पकड़ना मेरे लिए थोड़ा सा चुनौतीपूर्ण था। उसे पकड़ने में मुझे थोड़ी मुश्किल हुई थी। वहीं, पहले दिन की शूटिंग मुझे पूरी तरह याद ही नहीं है, क्योंकि मैं ब्लैंक हो गई थी। मैं पहली बार कैमरे के सामने शूट कर रही थी, इससे पहले मैंने फोटो शूट किए थे, पर जब मैं घोड़े और अपने को-ऐक्टर्स के साथ कैमरे के सामने थी और डायरेक्टर सर बता रहे हैं कि ऐसे करना है, वैसे करना है तो मैं बहुत डर गई थी।

नंदामुरी बालकृष्ण के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा था

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला का हालिया रिलीज गाना 'दबीदी दबीदी' को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने बताया कि नंदामुरी बालकृष्ण के साथ डांस करना उनके लिए सिर्फ एक परफॉर्मेंस नहीं, बल्कि इससे कहीं बढ़कर रहा। यह उनके लिए कला के प्रति सम्मान था। अभिनेत्री ने कहा, नंदामुरी जैसे दिग्गज के साथ काम करना एक बड़ा सम्मान है। नंदामुरी सर के साथ डांस मेरे लिए सिर्फ एक परफॉर्मेंस नहीं था, यह कला, कड़ी मेहनत और कला के प्रति सम्मान है। उनके साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा था और हर कदम, हर इशारा साथ मिलकर कुछ खूबसूरत करने का था। अभिनेत्री ने कहा कि वह हर फीडबैक को महत्व देती हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात मेरे फैंस से मिलने वाला प्यार और हमारे बीच का सच्चा जुड़ाव है। कला हमारी भावनाओं को दिखाती है और आलोचना चाहे जितनी भी हो, मेरा उद्देश्य शानदार और बेस्ट परफॉर्म करने में रहा है। फिल्म के 100 करोड़ रुपये के क्लब में पहुंचने के बारे में उन्होंने कहा, मैं 2025 की पहली आउटसाइडर अभिनेत्री के रूप में इतिहास रचने और इतनी तेजी से 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने के लिए खुद को लकी मानती हूं। मैं इस फिल्म को मिले रिएक्शन से वाकई बहुत खुश हूं। ब्लॉकबस्टर फिल्म बनना एक सपने के सच होने जैसा है और मैं इस सफलता का श्रेय अपने प्रशंसकों, फिल्म की टीम और दर्शकों के प्यार और विश्वास को देती हूं। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में एक बाहरी व्यक्ति के रूप में, यह मील का पत्थर बहुत मायने रखता है, यह कड़ी मेहनत, दृढ़ता और खुद पर विश्वास की वजह से है। उन्होंने कहा, यह उपलब्धि सिर्फ मेरी नहीं है, यह उन सभी के लिए है, जो बड़े सपने देखने और बाधाओं को तोड़ने की हिम्मत रखते हैं। यहां और अधिक सार्थक सिनेमा, कभी ना भूल पाने वाली कहानियां और साथ मिलकर इतिहास बनाने के लिए प्रयास जारी है!

बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन में मुख्य किरदार निभाएँगी अभिनेत्री दीक्षा धामी

नए साल की शुरुआत के साथ, शेमारू उमंग अपने दर्शकों के लिए एक नया और रोमांचक शो लेकर आ रहा है, जिसका नाम है बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन। हाल ही में रिलीज़ हुए प्रोमो ने दर्शकों को चैना से परिचित कराया, जो एक जिंदादिल और चतुर लड़की है। इस किरदार को प्रतिभाशाली अभिनेत्री दीक्षा धामी निभा रही हैं। राजस्थान की खूबसूरत पृष्ठभूमि पर आधारित इस कहानी में परिवार, परंपराओं और सत्ता संघर्ष का ताना-बाना बुना गया है। स्मार्ट और दिल की साफ लड़की चैना, गाँव की रहने वाली है, जो जीवन की चुनौतियों का सामना अपनी बुद्धिमानी और अनोखे अंदाज़ से करती है। लेकिन, उसकी दुनिया तब बदल जाती है, जब हालात उसे गाँव की गलियों से एक भव्य हवेली तक ले आते हैं। उन्होंने आगे कहा, नए साल की शुरुआत इतने शानदार मौके के साथ करना मेरे लिए किसी तोहफ़े से कम नहीं है। चैना एक बहादुर और अपने परिवार से जुड़ी हुई लड़की है। वह चालाक है, एक स्वाभाविक कहानीकार है और हमेशा अपने आसपास के लोगों के लिए सही समाधान ढूँढती है। इस किरदार को निभाते हुए मैंने बहुत कुछ सीखा है और इसे और निखारने के लिए मैं कड़ी मेहनत कर रही हूँ। दीक्षा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, एक अभिनेत्री के रूप में हर प्रोजेक्ट मेरे लिए एक नई सीख लेकर आता है, लेकिन यह शो मेरे दिल के बेहद करीब है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक चैना की यात्रा से जुड़ाव महसूस करेंगे, उसकी भावनाओं को समझेंगे और इस खूबसूरत कहानी का भरपूर आनंद लेंगे।

बाहुबली एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी की घाटी में विक्रम प्रभु की एंट्री

बाहुबली एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी की मोस्ट अवेटेड फिल्म घाटी से फर्स्ट लुक उनके जन्मदिन पर जारी किया गया था। कृष जगरलामुडी द्वारा निर्देशित फिल्म की इस झलक में वो काफी हिंसक दिख रह थीं। उनकी आंखों में प्रतिशोध की आग और माथे पर खून से अधिक गुस्सा साफ दिख रहा था। अब इस फिल्म को लेकर एक ताजा अपडेट सामने आया है। अनुष्का शेट्टी की इस फिल्म को लेकर कहा जा रहा है कि विक्रम प्रभु इस फिल्म में लीडिंग रोल में नजर आएंगे। ये फिल्म यूवी क्रिएशन द्वारा प्रस्तुत और राजीव रेड्डी और साई बाबू जगरलामुडी द्वारा निर्मित किया गया है। ब्लॉकबस्टर वेदम की सफलता के बाद, घाटी अनुष्का और कृष की दूसरी फिल्म है,और यह यूवी क्रिएशन के साथ अनुष्का की चौथी फिल्म भी है।

विक्रम प्रभु दमदार किरदार में नजर आएंगे

इस फिल्म में विक्रम प्रभु, देसी राजू के दमदार किरदार में नजर आएंगे। इस फर्स्ट लुक में विक्रम को घने जंगलों और बीहड़ घाट में पुलिस द्वारा पीछा करते हुए दिखाया गया है। विक्रम के कई जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस हैं जहां वह गुंडों से भिड़ते दिखेंगे।

अनुष्का और विक्रम के बीच शानदार केमिस्ट्री

एक्शन से भरपूर सीक्वेंस हल्के-फुल्के रोमांटिक टच के साथ खत्म होते हैं, जब विक्रम और अनुष्का एक-दूसरे के आसपास बाइक चलाते हुए नजर आते हैं जहां वे एक-दूसरे को देखकर मुस्कुराते हैं, जो यह दर्शाता है फिल्म के निश्चित रूप से उनके बीच जबरदस्त केमेस्ट्री होगी। फिल्म में न केवल हाई-ऑक्टेन एक्शन बल्कि एक मजेदार लव स्टोरी भी देखने को मिलेगी। तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी सहित कई भाषाओं में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।



संघर्ष के दिनों में मां मेरी नौकरी लगवाना चाहती थीं

आर्मी अफसर बनने की ख्वाहिश रखने वाले जयदीप अहलावत को जब वहां रिजेक्शन का सामना करना पड़ा, तब वह इस बात से अनजान थे कि भविष्य में अभिनय के क्षेत्र में नाम कमाने वाले हैं। ख्रञ्जञ्जञ्ज से ग्रेजुएट हुए जयदीप अहलावत ने अभिनय जगत में भी संघर्ष किया, मगर गैंग्स ऑफ वासेपुर ने उनकी किस्मत बदल दी। फिल्मों के साथ-साथ ओटीटी पर भी सराहनीय काम करने वाले जयदीप बहुत जल्द वेब सीरीज पातल लोक के सीजन 2 में नजर आएंगे।

आप फौज में जाना चाहते थे, मगर फिर अभिनय के क्षेत्र में आए, छोटे-मोटे रोल्स किए और आज तो आपके लिए खास तौर पर किरदार लिखे जा रहे हैं?

सच कहूं, तो आप धन्य होते हैं। ग्रैटिट्यूड महसूस करते हैं। आप उनके प्रतिअहसानमंद होते हैं, जिन लोगों ने आप पर भरोसा दिखाया। जब मुझे किसी एक काम का क्रेडिट मिलता है, तो मुझे वो सारे चेहरे याद आ रहे होते हैं, जिनके साथ मिलकर वो काम हुआ और मैं सभी को हाथ जोड़कर शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। वैसे मैं ऊपरवाले का इसलिए भी धन्यवाद अदा करना चाहूंगा, कि मेरे हाथ -पैर सलामत हैं। मेरा दिमाग चल रहा है और मेरे इर्द गिर्द के लोग मुझे सपोर्ट करते हैं। एक अभिनेता के रूप में इसलिए भी शुक्रगुजार हूं कि अच्छा काम मिलता गया।

क्या ये सच है कि संघर्ष के दिनों में आपकी मम्मी आपकी नौकरी लगवाना चाहती थीं?

हां, बिल्कुल सही है ये बात। मां को लगता था कि सरकारी नौकरी होगी, तो बंधी हुई तनख्वाह मिलेगी। उन्हें लगता था कि मेरा भविष्य सेफ हो जाएगा। हम सभी उसी बैकग्राउंड से आते हैं, जहां माता-पिता को लगता है कि बच्चा कोई सरकारी या सिक्योर नौकरी कर ले ताकि उनकी चिंता खत्म हो जाए कि बच्चे सर्वाइव कैसे करेंगे? खाना कहां से आएगा? वो फिक्र हम सभी मिडिल क्लास के माता-पिता की रहती है। मेरी मां ने जब मेरी नौकरी की बात कही, तब मैंने फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। एक दिन मां ने काम का हालचाल जाना और बोलीं कि वह जान-पहचान वाले स्कूरुसे कह कर एक जूनियर प्रोफेसर की नौकरी जरूर लगवा सकती हैं।

गैंग्स ऑफ वासेपुर,राजी, एक्शन हीरो जैसी फिल्में हों या फिर पाताल लोक और द ब्रोकन न्यूज जैसी सीरीज, एक एक्टर के रूप में दोनों में काम करने के तरीकेकार में क्या अंतर पाते हैं?

एक अदाकार के रूप में कोई खास फर्क नहीं लगता, क्योंकि रोल के प्रति आपका समर्पण एक-सा होता है। आपकी कोशिश यही होती है कि आप अपने किरदार को ज्यादा से ज्यादा विश्वसनीय बना सकें। एक अंतर यह है कि वेब सीरीज में आप लंबे समय तक किरदार में रमे रहते हैं, तो जैसे पाताल लोक है, तो उसमें लगभग तीन फिल्मों जितना वक्त लगा पर उसका फायदा ये होता है कि आप किरदार को बहुत विस्तार से किया जा सकता है। तो कैरेक्टर को बिल्ड करना थोड़ा सरल है। फिल्मों में लेंथ कम होती है तो वो थोड़ा जल्दी हो जाती है। वेब सीरीज में थोड़ी-सी एनर्जी और वक्त देना होता है। लेकिन एक एक्टर के तौर पर आपकी अप्रोच वही होती है।

आपकी इस वेब सीरीज के सीजन 2 में आपके लिए इस रोल में नया क्या होगा?

नयापन तो स्क्रिप्ट में है। एक इंसान जो कई फंट पर हारा हुआ-सा फील करता है, मगर वो ऐसा है नहीं। लोगों को लगता है कि वो फेल्योर है, मगर है नहीं। इतने बड़े केस को सुलझाने के बावजूद उसकी दुनिया में कुछ नहीं बदला है, क्योंकि कुछेक लोगों के अलावा सच किसी को नहीं पता। अब जो चुनिंदा लोग जो उसके करीबी हैं, उनकी नजर में हाथीराम चौधरी के प्रति लोगों का नजरिया बदल गया है। वो एक सत्यान्वेषी टाइप का आदमी है और सचाई जानने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। सीजन 2 में आपको एक अलग ही दुनिया देखने को मिलेगी, जहां आप खान-पान या किसी भी चीज से वाकिफ नहीं होंगे। इसकी जो पॉलिटिकल और भौगोलिक कंडीशंस हैं, वे हाथीराम चौधरी की पहुंच से बाहर हैं। मगर वो वहां भी सर्वाइव करता है। उसकी जान पर बन आती है, मगर वो पीछे नहीं हटता।

आपकी निजी जिंदगी का पाताल लोक क्या है?

दिन भर में समय न मिल पाना मेरा पाताल लोक बन जाता है। बीते लंबे समय से मैं काम के कारण काफी मसरूफ रहता हूं और ऐसे में जब मैं बिलकुल अकेला न होऊं, जब मुझे अपने लिए आधे घंटे का भी समय न मिले, तो वो मेरा पाताल लोक बन जाता है।

शाह बानो की लाइफ पर बेस्ड फिल्म में दिखेंगी यामी गौतम

मां बनने के बाद यामी गौतम एक बार फिर बड़े परदे पर वापसी करने जा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक... एक्ट्रेस, शाह बानो की लाइफ पर बेस्ड फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगी। बता दें कि शाह बानो ने अपने पति से तलाक के बाद मेंटेनेंस पाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी थी। यह केस 1985 में ट्रिपल तलाक, महिलाओं के अधिकार और मुस्लिम पर्सनल लॉ से जुड़ा था। शाह बानो के पक्ष में आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला देशभर में सामाजिक और कानूनी चर्चा का विषय बन गया था। शाह बानो का ट्रिपल तलाक केस मामले में काफी योगदान रहा है। यामी गौतम इस फिल्म के जरिए दर्शकों को इसी केस की अहमियत समझाएगी।

सर्दियों में सांस के रोगी रहें सचेत

सर्दियों में तापमान में कमी और वातावरण में प्रदूषित तत्वों की बढ़ी हुई मात्रा सेहत के लिए मुसीबत का कारण बन सकती है। सर्दियों का मौसम खासतौर पर सांस के मरीजों के स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन जाता है। इस मौसम में सांस संबंधी दिक्कतें जैसे दमा, फ्लू और सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या काफी बढ़ जाती है।

प्रदूषित कोहरे का दुष्प्रभाव

सर्दियों में होने वाला कोहरा (जो वायुमंडल की जलवाष्प के संघनित होने से बनता है) कमोबेश हानिरहित होता है, लेकिन धुएं और सस्पेन्डिड पार्टिकल्स (छोटे-छोटे प्रदूषित कणों) के इर्द-गिर्द जमने से बना स्मोग (प्रदूषित कोहरा) मानव शरीर और खासतौर पर श्वसन तंत्र के लिए किसी विपत्ति से कम नहीं होता। इस वजह से लोगों की आंखों में जलन, आंसू, नाक में खुजली, गले में खराश और खांसी जैसे लक्षण सामान्य तौर पर देखने को मिलते हैं। सर्दी बढ़ने के साथ ही सांस की नली की संवेदनशीलता तुलनात्मक रूप से बढ़ जाती है, जिससे सांस की नली सिकुड़ती है। इस कारण सांस के रोगियों में समस्या की आशंका बढ़ जाती है।

वृद्ध रहें सजग

वृद्धों में सांस संबंधी समस्याएं कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती हैं। दरअसल बुजुर्गों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण उन्हें सांस संबंधी बीमारियों का ज्यादा खतरा रहता है।

दमा या अस्थमा- वातावरण में किसी भी प्रकार के बदलाव से शरीर में परिवर्तन होता है, जिससे, एलर्जी और अस्थमा के रोगी मुख्य रूप से प्रभावित होते हैं। जाड़े में इन मरीजों की परेशानियां बढ़ जाती है। इसलिए उन्हें विशेष तौर पर अपना ख्याल रखने की सलाह दी जाती है।

फ्लू या इंफ्लूएंजा- यह समय फ्लू या इंफ्लूएंजा के वाइरस के सक्रिय होने का है। इस कारण फ्लू के मामलों में काफी वृद्धि हो जाती है। बच्चों, वृद्धों, गर्भवती महिलाएं और एच.आई.वी. से पीड़ित रोगियों में यह संक्रमण गंभीर रूप ले सकता है।

क्या करें

- सांस के रोगी खासकर दमा के मरीज न सिर्फ सर्दी से बचाव करें बल्कि नियमित रूप से डॉक्टर के संपर्क में रहें। डॉक्टर की सलाह से अपने इनहेलर की डोज भी दुरुस्त कर लें। कई बार इनहेलर्स की मात्रा बढ़ानी होती है।
- सर्दी से बचकर रहें। पूरा शरीर ढकने वाले कपड़े पहनें। सिर, गले और कान को खासतौर पर ढकें।
- सर्दी के कारण साबुन-पानी से हाथ धोने की अच्छी आदत न छोड़ें।
- गुनगुने पानी से नहाएं।
- सर्दी के मौसम में मालिश लाभप्रद है।
- सर्दी, जुकाम, खांसी, फ्लू और सांस की अन्य बीमारियों से ग्रस्त रोगियों को सुबह- शाम भाप(स्टीम) लेनी चाहिए।
- फ्लू के रोगी खांसते या छींकते समय मुंह पर हाथ रखें या रूमाल का प्रयोग करें।
- फ्लू के रोगियों द्वारा इस्तेमाल की गई वस्तुओं जैसे रूमाल व चादरों आदि को सुरक्षित विधि से साफ करें।
- अगर आप में फ्लू के लक्षण हैं, तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें और घर मे ही रहें।
- फ्लू पीड़ित से कम से कम 1 मीटर दूर रहें।
- हाथ मिलाने या गले मिलने से बचें, भारतीय पद्धति के अनुसार नमस्कार करें।

क्या न करें

- सर्दी में सांस के मरीजों को सुबह की सैर नहीं करनी चाहिए।
- सुबह ठंडे पानी से न नहाएं। सांस के रोगियों को अलाव के धुएं से बचना चाहिए, अन्यथा इससे उन्हें सांस का दौरा पड़ सकता है।

घर पर करें गोभी और मिर्च से रोगों का उपचार

जार्जटाऊन यूनिवर्सिटी मेडीकल सेंटर के शोधकर्ताओं के अनुसार फूलगोभी, पत्तागोभी तथा जलकुंभी परिवार की सब्जियों में एक प्रकार का पदार्थ पाया जाता है जो मानव एवं जानवर दोनों में फेफड़े का कैंसर रोकने में सहायक होता है।

शोधकर्ताओं के अनुसार 'प्रेफेक्स' नामक एक ऐसा पदार्थ गोभी में पाया जाता है जो फेफड़े को कैंसरग्रस्त होने से रोकता है। यह पदार्थ सैक्स उत्तेजक भी होता है। इसी प्रकार मिर्च खाने से शरीर की चर्बी कट जाती है और वजन कम हो जाता है।

मिर्च की तासीर के कारण चर्बी बढ़ाने वाली कोशिकाएं खुद ब खुद नष्ट होने लगती है। ताईवान के शोधकर्ता चिन-लिन-शू के अनुसार मिर्च शरीर के चयापचय की प्रक्रिया को तेज करती है और यह मोटापे को कम करने के साथ ही कालरा तथा ब्रांकाइटिस जैसी बीमारियों का उपचार भी करती है।

गोभी और मिर्च से बहुत से रोगों का उपचार घर पर ही किया जा सकता है। आईए जानें कैसे

गोभी

1 गोभी में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को दरूस्त रखते हैं और पेट संबंधी रोगों से राहत देते हैं।
2 गोभी का सेवन करने से कैंसर जैसी भयानक बीमारी का खतरा कम होता है।
3 गोभी का सेवन मोटापे से निजात दिलाता है।
4 गोभी में कैल्शियम की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो शरीर की हड्डियों के लिए काफी फायदेमंद होती है और दांतों को भी मजबूत बनाने में मददगार साबित होती है।

मिर्च

1 जब आप हरी मिर्च अपने दांत से चबाते हैं तो इसका तीखा अनुभव आपके मुंह में अधिक थूक पैदा करता है जो रक्त के थक्कों को घोलने में काफी सहायक होता है।
2 हरी मिर्चों मे विटामिन सी की मौजूदगी शरीर को खांसी, जुकाम तथा श्वास संबंधी अन्य समस्याओं से बचाने में सहायता करती है।
3 हरी मिर्च में मौजुद विटामिन के ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करता है।
4 हरी मिर्च एक प्राकृतिक दर्द निवारक है और यह ओस्टियोआर्थराइटिस जैसी स्थितियों में इलाज में काफी लाभदायक होती है।
5 मोटापे से पीड़ित लोगों में कोलैस्ट्रॉल के स्तरों को कम करने में हरी मिर्चें काफी सहायक होती हैं।

मानव पर रंगों का प्रभाव

सफेद रंग हल्केपन एवं शीतलता का आभास देता है।

पीला रंग उत्फुल्लता, हल्केपन खुलेपन और गर्माहट का आभास देता है, नब्ज की रफ्तार तेज करता है परंतु आक्रामक प्रतिक्रिया भी पैदा कर सकता है।

बैंगनी रंग थकान और भारीपन का भ्रम उत्पन्न कर थकान, बोरियत या बोझ की अनुभूति करता है।

गहरा नीला रंग मस्तिष्क को विश्रांति देता है किन्तु दुख का बोध भी कराता है। गहरे नीले रंग से पूरा कमरा ठंडा एवं भरा-भरा प्रतीत होता है।

हरा रंग शांति एवं शीतलता का अहसास कराता है। आंखों से दबाव घटाकर नेत्र ज्योति तेज करता है। खून का दबाव भी सामान्य करता है। हल्का नीला रंग शीतलता व अलगाव द्वारा चैन देता है। काला रंग ओजस्विता कम करता है, अवसादकारक एवं उत्पीड़क बोझ देने वाला है। काले रंग पुते तल काफी बड़े प्रतीत होते हैं। भूरा रंग स्थायित्व, गर्म और मानसिक संतुलन बोधकारक होता है। सलेटी रंग को ठंडा, नीरसता व विरक्तिबोधक माना जाता है। श्वेत एवं नीले रंग के सम्मिश्रण को शीतलता और चैन का द्योतक कहा गया है। जामुनी रंग गर्म एवं उत्साहवर्धक माना गया है। लाल रंग गर्मजोशी, मनोबल बढ़ाता है, मगर देर तक हावी रहना थकान एवं धड़कन बढ़ाता है

ठंड में त्वचा रोगों से बचाव के घरेलु नुस्खे

1 सर्दी के मौसम में स्वस्थ त्वचा के लिए जरूरी है नियमित स्नान। भले ही आप प्रतिदिन न नहाएं परंतु हर दूसरे दिन नहाने का नियम बनाएं। जिस दिन नहीं नहाएं, उस दिन स्पंज करें तथा अंदर के कपड़े अवश्य बदलें। नहाने के लिए ठंडा गर्म जैसा पानी चाहें, इस्तेमाल कर सकते हैं।
2 जाड़े में साबुन का प्रयोग ज्यादा न करें। नहाने से पहले पूरे बदन में तेल लगाएं। नहाने के बाद तेल या माश्चराइजर का उपयोग करें। पानी से करने वाले काम एक ही बार में निपटा लें। बार-बार पानी में हाथ न डालें। यदि पानी का काम करना जरूरी हो तो पहले हाथों मे मलाई लगाएं। दस्ताने पहन कर काम करने से त्वचा सुरक्षित रहती है।
3 सर्दियों में धूप का नियमित सेवन करके चिलब्लेंस व डर्माटाइटिस जैसे रोगों से बचा जा सकता है। धूप में उतना ही बैठें जितनी देर आराम महसूस करें। अगर त्वचा लाल पड़ने लगे या सूजने लगे, तो धूप से हट जाएं। जिन्हें धूप से एलर्जी है उनके लिए सर्दी की धूप भी नुक्सानदायक है। ऐसे लोग धूप में कम निकलें। जब भी धूप में निकलें तो सिर पर स्कार्फ बांध लें या छतरी भी लगा सकते हैं।
4 हाथ-पैर की उंगलियों के सुन्न होने, खून का दौरा कम होने या त्वचा के फटने से बचने का सबसे अच्छा उपाय है संतुलित आहार। भोजन में दूध, दही और हरी सब्जियां खूब लें। विटामिन ए ज्यादा से ज्यादा लें। त्वचा के लिए गाजर का सेवन बहुत फायदेमंद है।
5 यूरिया आयंटमैंट त्वचा के फटने, सूजन और लाल होने वाली त्वचा के उपचार के लिए बहुत उपयोगी है। यह यूरिया से बनती है। इसको मलने से त्वचा काफी देर तक मुलायम बनी रहती है। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा में होने वाले रोगों से बचा जा सकता है तथा त्वचा स्वस्थ रहती है।

कहीं आप भी खून की कमी का शिकार तो नहीं हो रहे

आज के भागदौड़ भरे जीवन में फास्ट फूड का प्रचलन बढ़ रहा है। जिससे भोजन में पौष्टिक आहार की कमी के कारण आज प्रत्येक वर्ग के लोग खून की कमी से जूझ रहे हैं। जिसमें अधिकतर संख्या युवाओं की है जिसके कारण उन्हें कमजोरी आदि की शिकायतें होने लगी हैं। खून की पाई जाने वाली इस कमी को एनीमिया कहते हैं। एनीमिया का प्रमुख कारण सही प्रकार की डाइट न लेना है। पुरुषों में खून की मात्रा 14 से 18 ग्राम प्रति डैसीलीटर होनी चाहिए। वहीं महिलाओं में यह 12 से 16 ग्राम प्रति डैसीलीटर है। इससे कम मात्रा में पाए जाने वाले खून को एनीमिया कहते हैं। वैसे 10 ग्राम से अधिक खून वाले भी स्वस्थ रहते हैं, परंतु इससे कम खून वाले को अधिक से अधिक डाइट लेनी चाहिए।

एनीमिया की 3 स्टेज होती हैं, जिनमें प्रथम स्टेज को माइल्ड कहते हैं, जो 10 से 12 ग्राम होती है। वहीं 6 से 10 ग्राम को मोडरेट व 6 ग्राम से कम की स्थिति खतरनाक होती है। जिसे सीवियर एनीमिया कहते हैं।

एनीमिया अत्यधिक गंभीर रोग तब होता है जब हैपिटाइटिस बी, सी तथा एच.आई.वी. जैसे संक्रमण होते हैं। डाक्टरों का सुझाव है कि अधिक मात्रा में भी आयरन का सेवन नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इससे हृदय संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

कैसे करें खून की कमी पूरी

1 एनीमिया से निजात पाने के लिए बैलेंस डाइट जरूरी है। प्रोटीन, आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन, मांस, मछली में ही नहीं दूध, हरी सब्जियां, मटर, फलियों तथा पत्तेदार सब्जियों, शीरा, गुड़, किशमिश, खजूर, सेब इन सबमें अलग-अलग रूप में मिल जाते हैं। इन तत्वों में खून बनने में सहायता मिलती है।

2 खाना खाने से पहले व बाद में आधे घंटे तक चाय का सेवन भी नहीं करना चाहिए। चाय खाने में मिलने वाले पौष्टिक तत्वों को डाइजेस्ट नहीं होने देती।

3 आयरन युक्त डाइट तभी फायदेमंद होती है, जब उसके साथ विटामिन सी का भी सेवन किया जाए। विटामिन सी के लिए अमरूद, आंवला और संतरे का जूस लें। वैसे तो बैलेंस्ड डाइट और हैल्दी लाइफ स्टाइल ही काफी है लेकिन फिर भी किसी कारण से एनीमिया हो जाता है तो प्रापर ट्रीटमैंट लेना आवश्यक है। डाक्टर की सलाह से ब्लड टैस्ट कराएं ताकि बीमारी का कारण पता चल सके। उसके बाद ही डाक्टर आपका सही ट्रीटमैंट कर सकेंगे।

रूखी त्वचा को कोमल बनाता है नारियल तेल

ठंड के कारण कई समस्याएं होती हैं. इस मौसम में त्वचा के रोग और सर्दी-जुकाम होना आम बात है. इन समस्याओं से निबटने के लिए प्रस्तुत हैं कुछ आसान घरेलू उपाय, जिनसे इन समस्याओं से निबटा जा सकता है.

- रूखी त्वचा से बचने के लिए नैचुरल मॉस्च्युराइजर, जैसे- नारियल तेल लगाएं.

- शहद के साथ गुलाब जल मिला कर चेहरे पर लगाएं. इससे त्वचा में चमक आयेगी और चेहरा साफ होगा.
- स्नान से पहले नारियल तेल लगा लें, इससे चिकनाई और कोमलता आयेगी.
- नीबू का रस लगाएं. इसमें मौजूद विटामिन-सी चेहरे की चमक बनाये रखती है.
- सर्दी के मौसम में विटामिन की कमी के कारण होंठ फटने लगते हैं, इसलिए टमाटर, गाजर, साबुत अनाज और फल-सब्जियों का सेवन करें.
- नारंगी के छिलके के पाउडर में शहद मिला कर लगाने से त्वचा निखरती है.
- जितना हो सके, आहार में विटामिन-इ युक्त खाद्य पदार्थों, जैसे- पालक, बादाम, कद्दू आदि का सेवन करना बेहतर होता है.

सेहत का खजाना है पालक

हरी सब्जियों में पालक का नाम सबसे ऊपर है. यह शरीर के लिए काफी फायदेमंद है. इसमें शरीर के लिए आवश्यक अमीनो एसिड, विटामिन ए, फोलिक एसिड, प्रोटीन और लौह तत्व भरपूर मात्र में होते हैं. इसके सेवन कई रोगों से भी छुटकारा मिलता है.

यह हरी पत्तेदार सब्जी गुणों से भरपूर है. पोषक तत्वों की प्राप्ति के लिए इसका नियमित सेवन बेहतर माना जाता है. पालक में विटामिन ए और सी प्रचुर मात्र में होते हैं. इसके अलावा विटामिन बी कॉम्पलेक्स, फोलिक एसिड, मैग्नीशियम की भी प्रचुरता होती है. शोध के अनुसार एक कप पालक से दिन भर की मैग्नीशियम की जरूरत का 40 प्रतिशत प्राप्त हो जाता है. मधुमेह पीड़ित लोगों के लिए भी पालक अच्छा विकल्प है. दही के साथ कच्चे पालक का रायता बहुत ही स्वादिष्ट और गुणकारी होता है.

इन रोगों से बचाता है

ऑस्टियोपोरोसिस – खनिज तत्वों की प्रचुरता के कारण यह हड्डियों को मजबूत बनाता है और ऑस्टियोपोरोसिस को दूर रखता है.

आंखों की रोशनी – पालक मैकुलर डिजेनरेशन का जोखिम भी कम करता है. मैकुलर डिजेनरेशन 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अंधेपन का मुख्य कारण है. इसके अलावा, विटामिन ए की कमी से रतौंधी और आंखों की रोशनी में कमी जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं.

शरीर की क्षतिपूर्ति में सहायक – प्रचुर मात्र में मौजूद फोलेट डीएनए और कोशिकाओं की सामान्य क्षति को पूरा करता है और इससे शरीर स्वयं अपने नुकसान की भरपाई कर लेता है.

एंटीऑक्सीडेंट – यह शरीर में उपापचय व अन्य सामान्य क्रियाओं के दौरान बननेवाले फ्री-रेडिकल्स से लड़ने में सहायक है. फ्री रेडिकल्स कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और कैंसर तथा हृदयरोगों के कारण बन सकते हैं.

वजन घटाने में सहायक – इसमें फाइबर प्रचुर मात्र में होता है, इसलिए यह मोटापा घटाने के इच्छुक लोगों के लिए आदर्श आहार है. सलाद, सब्जी और जूस में पालक का ज्यादा-से-ज्यादा उपयोग बेहतर होता है.

पोस्टमेनोपॉजल सिंड्रोम – पालक में मौजूद मैग्नीशियम पीएमएस के लक्षणों में कमी लाता है. इस अवस्था में पेट फूलने जैसी शिकायतों से बचने के लिए पालक बेहतर विकल्प है.

प्रतिरक्षा प्रणाली बनाता है मजबूत – पालक में मौजूद पोषक तत्व प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाते हैं और शरीर को सामान्य संक्रमणों से बचाते हैं.

बालों को मिले मजबूती – इसमें बालों के लिए आवश्यक विटामिन भी विशेष मात्र में होते हैं. बाल झड़ने से परेशान लोगों को कच्चे पालक का सेवन करना चाहिए.

ये लोग न करें सेवन – पालक में कैल्शियम और फॉस्फोरस होता है, जो मिल कर कैल्सियम फॉस्फेट बनाता है. यह पानी में घुलता नहीं है, जिससे पथरी बन जाती है. इसलिए पथरी के रोगियों को सिर्फ पालक की सब्जी नहीं खानी चाहिए. पालक और हरी पत्तेवाली मेथी मिला कर साग बना कर खाने से पथरी नहीं बनती है. कच्चे पालक के रस के सेवन करने से भी पथरी नहीं होती है.

चौमू निवासी ओमप्रकाश दम्बिवाल ने दिया ईमानदारी का परिचय

जयपुर टाइम्स

चौमू(निसं.)। शहर के इंदिरा कॉलोनी भोमियाजी मंदिर के पास धोली मंडी चौमू में रहने वाले ओमप्रकाश दम्बिवाल ने ईमानदारी का परिचय दिया । दरअसल हुआ यूं कि धोली मंडी चोमू निवासी ओमप्रकाश को एक एंड्रॉयड फोन मिला । जिसके मालिक का पता लगाकर इंदिरा कॉलोनी गोरिया निवासी राजेंद्र प्रसाद लाटा को बुलाकर मोबाइल चोमू नगर मंडल अध्यक्ष गजानन्द कुमावत के हाथों से उन्हें मोबाइल सुपुर्द कर दिया । मोबाइल मिलने पर राजेंद्र प्रसाद लाटा ने खुशी जाहिर की तथा ओमप्रकाश दम्बिवाल को धन्यवाद दिया

शक्ति दिवस मनाते हुए बिमारियों से बचाव के उपाय बताए

जयपुर टाईम्स

चाकसू(निस.) चाकसू उपखंड क्षेत्र के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय झापदा कलां में मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया गया। वहीं प्रधानाचार्य रामलाल मीणा की देखरेख में कक्षा 1 से 8 वीं तक के बालको आयरन फोलिक एसिड की गोलियां वितरण करते हुए मौसमी बीमारियों की अलग-अलग दवाई दी गई। इस मौके पर पीएचसी झापदा कला की सुमन चौधरी ने बालकों को बुखार जुकाम व फोड़े फुंसी की दवा वितरण की गई। स्थानीय शाला के शिक्षक कैलाश चन्द शमा ने हाथ धोने के तरीके बताएं हुए मास्क लगाकर बीमारियों से बचने के बारे में बताया गया। इस मौके उपप्रधानाचार्य ओम शंकर शर्मा, रामेश्वर प्रसाद मीणा, कैलाश चंद मीणा, रामदयाल चौधरी, सूरजमल मीणा, अशोक कुमार गुप्ता, राकेश शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने पालिका इओ को लिखा पत्र

आयुर्वेदिक औषधालय को पुराने सीएससी में भवन में शिफ्ट करने करने की, की मांग

जयपुर टाइम्स

फुलेरा(निसं.)। पूर्व विधायक एवं भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारी निर्मल कुमावत ने आयुर्वेदिक औषधालय को खाली पड़े पुराने सीएचसी भवन में शिफ्ट करने की मांग को लेकर पालिका इओ को पत्र लिखा है । पूर्व विधायक कुमावत ने पत्र में बताया कि लगातार स्थानीय लोगों की ओर से बार-बार आग्रह किया जा रहा था कि वर्तमान में संचालित औषधालय सार्वजनिक वाचनालय पर संचालित होने से बुजुर्गों,महिलाओं व बीमार व्यक्तियों को ऊपर चढ़ने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है जिसके कारण संचालित राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय का आमजन इसका लाभ नहीं ले पा रहे । आमजन की मांग को देखते हुए पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने राजकीय औषधालय को पुराने सीएचसी भवन में शिफ्ट करने की मांग की है ।

कॉमरेड सुगनाराम रूलाणिया को किया याद

जयपुर टाइम्स

सुजानगढ़(नि.सं.)। कॉमरेड सुगनाराम रूलाणिया की चतुर्थ पुण्य तिथि पर उपखंड कार्यालय के सामने स्थित धरनास्थल पर कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जनहित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुगनाराम रूलाणिया हमेशां हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत का काम करते रहेंगे। मेघवाल ने कहा कि उनकी पुण्य तिथि से ही जिला का धरना शुरू किया गया था, जिसको आज पूरे तीन साल हो गए हैं। किसान सभा के अध्यक्ष तेजपाल गोदारा ने कहा कि उनके बताए सिद्धांतों को हमें ध्यान में रखना चाहिए। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर सुगनाराम रूलाणिया को श्रद्धांजली दी। इस दौरान आमीन खां, महेंद्र गुलेरिया, रामनारायण रुलानिया, भंवरू खान, बशीर फौजी, सलीम खान, लियाकत अली, जगदेव बेड़ा, तेजपाल गोदारा, गंगाधर मूंड, पूनमचंद मेघवाल, गजानंद प्रजापत, रमेश गुलेरिया, आमीन खान, मुमताज खान, नगेन्द्र रणवा, सद्दीक मणियार, महबूब बड़गुर्जर, जितेंद्र भार्गव, हसन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

भरतपुर में कलेक्ट्रेट के सामने स्थित हॉस्टल में फंदे पर झूला दलित छात्र

भरतपुर राजस्थान में एक दलित छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. दिल दहलाने वाली यह वारदात राजस्थान के भरतपुर जिले से सामने आया ह। जहां मंगलवार को भरतपुर कलेक्ट्रेट के सामने स्थित भीमराव अंबेडकर छात्रावास में एक दलित छात्र रोहित उर्फ डब्बू ने फांसी लगा ली।मिली जानकारी के अनुसार मृतक छात्र बीए फाइनल का स्टूडेंट ह। वो गहनौली थाना क्षेत्र के दालिना गांव का रहने वाला था।

एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर में हुआ ध्यान एवं योग पर व्याख्यान

स्वयंसेवकाओं को नागरिक कर्तव्यों के प्रति किया जागरूक

जयपुर टाइम्स

चौमू(निसं.) राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूँ में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के षष्ठ दिवस के अन्तर्गत प्राचार्य डॉ.राजेन्द्र कुमार के निर्देशन में एवं कार्यक्रम अधिकारी भगवान सहाय शर्मा एवं डॉ चन्द्र मोहन राजोरिया के नेतृत्व में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम ध्यान एवं प्रार्थना से षष्ठ दिवस का शुभारम्भ हुआ। प्रथम सत्र में ध्यान एवं योग पर व्याख्यान हुआ। स्थानीय महाविद्यालय एवं हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट के मध्य एमओयू किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर राजेंद्र कुमार, प्रोफेसर कविता गौतम व प्रोफेसर मीनाक्षी जैन एवं हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट जयपुर की ओर से बीएस चौहान, मीनू गुप्ता, ज्योति गुप्ता व कृष्णा पंवार उपस्थित रहे। द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता डॉ बृजमोहन वर्मा रहे। श्री वर्मा ने स्वयंसेविकाओं को नागरिक कर्तव्यों एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों के विषय में अवगत कराते हुए सभी स्वयंसेविकाओं से राष्ट्रीय उन्नति के लिए समवेत होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय के बाह्य परिसर में स्वच्छता हेतु श्रमदान किया। शिविर में स्वयंसेविकाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। स्वयंसेविका खुशी बुनकर, ईशा हरिजन, ईशानी रुण्डला, निशा यादव, पायल प्रजापत, सुनीता प्रजापत, प्रिया जाट ने आपने विचार प्रस्तुत किए।

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन, 508 मरीज लाभान्वित

जयपुर टाइम्स

कोटपूतली(निसं.)। यहाँ के नागाजी की गौर स्थित शहरी पीएचसी पर नोडल अधिकारी बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर के नेतृत्व में मंगलवार को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। बीसीएमओ ने शिविर का निरीक्षण कर आमजन को केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में 1658 जनसहभागियों की उपस्थिति एवं 508 मरीजों की ओपीडी रही। बीपीएम विजय तिवाड़ी ने बताया कि शिविर में मरीजों को विशेष विशेषज्ञों द्वारा दन्त रोग, नेत्र रोग, मेडिसन आदि सेवायें दी गई। वहीं गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों का टीकाकरण, असंक्रामक रोग यथा डायबिटीज, हाईपरटेंशन, कॉमन कैंसर, टीबी, अंधता रोगी की स्क्रीनिंग, ईसीजी सहित 37 प्रकार की निशुल्क जांच कर उपचार किया गया। आमजन की आभा आई.डी. एवं बकाया ई-केवाईसी की गई। आरबीएसके टीम द्वारा छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग कर उपचार किया गया, जिनका निरन्तर फॉलोअप किया जावेगा। बीसीएमओ ने शिविर के सफल आयोजन के लिये प्रभारी डॉ. मानवेन्द्र यादव, डॉ. पूजा मीना, यामिनी त्रहान, एसएनओ लालचन्द यादव एवं चिकित्सालय स्टॉफ को धन्यवाद् दिया। आगामी 22 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दांतिल में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

पीएम श्री रा.उ.मा. विद्यालय में निःशुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

फुलेरा(निसं.)। निकटवर्ती ग्राम बोबास मे नव निर्माण एवं पर्यावरण केंद्र की ओर से पीएम.श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोबास मे मंगलवार को निःशुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। संस्था के मंत्री हीरालाल शास्त्री ने बताया कि भामाशाह महेंद्र कुमार गालव कृष्णा पब्लिक सिटी जयपुर श्याम तोतला कोहलापुर गणपत लाल वर्मा,ठाकुर उमेश सिंह ठिकाना करणसर, ठाकुर पुष्पेंद्र सिंह रघुनंदन सिंह ठिकाना करणसर, हेमेंद्र शर्मा जयपुर,दुष्यंत भारद्वाज जयपुर,जतिन इंटरप्राइजेज जयपुर पराशमी सॉफ्टवेयर एवं टेक्नोलॉजी जयपुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिन्होने समय-समय पर ऐसे सामाजिक पुण्य कार्यो के लिए सदैव योगदान दिया। इस अवसर पर निशुल्क स्वेटर वितरण किया गया जिससे सभी जरूरत मंदो को ठंड के मौसम में सुरक्षित रखा जा सकें। ग्राम पंचायत बोबास के सरपंच रूपनारायण रूडंला ने सभी आये हुए भामाशाहो का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया इसके पश्चात स्कूल के सभी जरूरतमंद बच्चो को स्वेटर वितरित किए गए ओर साथ ही बच्चो के सामाजिक ज्ञान कि बढ़ोतरी के लिए प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया ओर विजेता बच्चो को सरपंच रूपनारायण रूडंला के द्वारा नगद पाँच-पाँच सो रूपये पुरस्कार स्वरूप दिये गए । तथा चार्टड अकाउंटेंट दुष्यंत भारद्वाज जयपुर के द्वारा स्कूल के बच्चो को लड्डू वितरण कर उनके उज्वल भविष्य कि कामना कि गई । अंत मे पराशमी सॉफ्टवेयर एवं टेक्नोलॉजी जयपुर के संस्थापक आशीष शर्मा व जतिन इंटरप्राइजेज जयपुर के डायरेक्टर जतिन ने नव निर्माण एवं पर्यावरण केन्द्र कैशा का बास आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके यह प्रयास सराहनीय है ओर आशा करते है कि संस्था ऐसे हि सामाजिक उत्थान सराहनीय कार्य करती रहेगी ।

उप कारागृह का औचक निरीक्षण

जेल की गहनता से तलाशी व चैकिंग की

जयपुर टाइम्स

कोटपूतली (निसं.)पुलिस मुख्यालय द्वारा कारागृह की सघन चैकिंग एवं कारागृह में अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया। जिसकी पालना में जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लाम्बा व कोटपूतली-बहरोड़ एसपी राजन दुष्यन्त के निर्देशन एवं एएसपी वैभव शर्मा के सुपरविजन में मंगलवार को तहसीलदार रामधन गुर्जर की मौजूदगी में डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के नेतृत्व में कोटपूतली थाने के उप निरीक्षक किशन लाल व सरूण्ड थानाधिकारी बाबूलाल मीणा, महिला थानाधिकारी प्रदीप यादव एवं रिजर्व पुलिस लाईन के जाप्ते ने रामसिंहपुरा रोड़ स्थित उपकारागृह का औचक निरीक्षण कर जेल की गहनता से तलाशी/चैकिंग की तथा जेल मे बंद विचाराधीन बंदियो से वार्ता कर जानकारी प्राप्त की। साथ ही बंदियो के रहने के लिये बनी बैरिक्स एवं परिसर की सघन चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान कोई प्रतिबंधित सामग्री नहीं मिली व ना ही कोई आपत्तीनजक वस्तु मिली। भविष्य में भी समय-समय पर नियमित रुप से जेल चैकिंग की जाती रहेगी।

जाम की समस्या को लेकर डिप्टी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

पावटा(निसं.)। कस्बे में मंगलवार को विराटनगर वृत्त अधिकारी व प्रागपुरा नवनियुक्त थाना अधिकारी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस कर्मी भी मौके पर मौजूद रहे।जहां वार्ता अधिकारी शिप्रा राजावत ने पावटा कस्बे के छोटी पुलिया,बड़ी पुलिया सहित सर्विस रोड के अनेकों स्थानों पर जायजा लिया है। वही संबंधित ट्रैफिक कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीडिया कर्मी से वार्ता करते हुए वृतअधिकारी शिप्रा राजावत ने बताया कि भारी वाहनों के आने तथा सर्विस लाइन पर बेतरतीब वाहनों के खड़े होने पर जाम की समस्या बनती है।जिसको लेकर रूट की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है। इस विषय में अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह मीना से भी वार्ता हुई है। जल्द ही स्थाई समाधान निकाल लिया जाएगा। इस दौरान विराटनगर वृत्त अधिकारी शिप्रा राजावत,प्रागपुरा नवनियुक्त थाना अधिकारी अंकित,राजवीर, कुलदीप,ट्रैफिक हेड कांस्टेबल सवाई सिंह, राम सिंह, मनोज सहित आनेको लोग मौके पर मौजूद रहे।

वहीं उच्च अधिकारियों के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने कांटे 35 वाहनों के चालान

ट्रैफिक हेड कांस्टेबल सवाई सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार मंगलवार को पावटा कस्बे में नो एंट्री में खड़े वाहनों के चालान काटे गए हैं।इस दौरान सर्विस रोड सहित आनेको स्थानो पर बेतरतीब खड़े कुल 35 वाहनों के चालान काटे गए।

संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम का आयोजन

कोटपूतली(निसं.) भाजपा राजस्थान द्वारा प्रदेश भर में चलाये जा रहे संविधान गौरव अभियान के तहत यहाँ के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में मंगलवार को संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता, बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान भारत के सभी वर्गो के साथ एक समान व्यवहार कर विधि का शासन लागू करता है। अभियान के कोटपूतली नगर संयोजक पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी ने भारतीय संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुये कहा कि भारतीय संविधान में मानव के गौरवशाली जीवन जीने के लिये आवश्यक सभी बातों का समावेश किया गया है। इसलिये भारतीय संविधान प्रत्येक भारतीय के लिये गौरव का विषय है। नगर मण्डल अध्यक्ष अरूण कुमार सैनी ने भारतीय संविधान को विश्व का सबसे उतम संविधान बताया। जिसमें सभी वर्गो के लिये अधिकार एवं कर्तव्यों का समावेश किया गया है। जिला संयोजक एड. कमल कसाना ने भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान को स्पष्ट किया।

थाना अधिकारी का स्थानांतरण पर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स

विराटनगर(निसं.)। कस्बा स्थित थाना परिसर में सोमवार की शाम को थानाधिकारी मनोहर लाल मीणा के स्थानांतरण हो जाने पर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान नवनियुक्त थाना अधिकारी सोहनलाल का भी माला व साफा पहनकर स्वागत सम्मान किया। इस कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत आनेको स्थानीय जनप्रतिनिधि लोग सहित थाने का स्टाफ भी मौजूद रहा। जहां थानाधिकारी मनोहर लाल मीणा का शाहजहांपुर थाने में स्थानांतरण व धर्मवीर हेड कांस्टेबल, धर्मपाल हेड कांस्टेबल, देवी सिंह कांस्टेबल, अमित यादव कांस्टेबल, प्रदीप शर्मा कांस्टेबल,सुखराम कांस्टेबल, विनोद कांस्टेबल,रोहिताश कांस्टेबल का स्थानांतरण हुआ। इस कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत स्थानांतरण होने वाले पुलिस कर्मियों का वह थाने में नवनियुक्त थाना अधिकारी का माला व साफा पहनकर तथा मिठाई खिलाकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही विराटनगर में थाना अधिकारी सोहनलाल ने कार्यभार संभाला है। वही लुहाकना सरपंच धर्मेंद्र मीणा, रोहिताश सिंधु,बाबूलाल मीणा, एसआई कृष्ण, एस आई श्रवण ,हेड कांस्टेबल मुकेश मीणा सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

नेहा शर्मा एवं शशिकांत शर्मा होंगे जिले के नये खाद्य सुरक्षा अधिकारी

जयपुर टाइम्स

कोटपूतली(निसं.)। राज्य सरकार द्वारा नवगठित कोटपूतली-बहरोड़ जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर नेहा शर्मा एवं शशिकांत शर्मा को नियुक्त किया गया है। आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त द्वारा आदेश जारी कर नेहा शर्मा एवं शशिकांत शर्मा को जिले का खाद्य सुरक्षा अधिकारी लगाया गया है। जिले में अभी तक पुराने जिले अलवर एवं जयपुर से ही कार्य हो रहा था।

RAJASTHAN RENEWABLE ENERGY CORPORATION LIMITED
(A Government of Rajasthan Undertaking)
Office: E-166, Yudhister Marg, C-Scheme,Jaipur 302001,Rajasthan Phone No. 0141-2225859, 2229341
E-mail:eccellrrec @gmail.com website:http://www.energy.rajasthan.gov.in/rrecl
NIB: REC2425A0033
(NIT No.TN-16/RREC/2024-25)
Tender are invited for supply of Induction Cooktops with one year of comprehensive warrantee in Rajasthan. The complete bid document can be viewed and downloaded from e-procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in, SPPP Portal (https://sppp.rajasthan.gov.in/sppp/) and RRECL website (https://energy.rajasthan.gov.in/rrecl/).
Bid submission End date: 05-02-2025, 05:00 PM. **UBN: REC2425GLOB00032**
Raj.Samwad/C/24/10615 Director (Technical)

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शिवकरण कक्षा 8वी में अध्ययन कर रहा है। मेरे पुत्र के विद्यालय में प्रवेश के समय भूलवश मेरा व मेरे पुत्र का नाम गलत अंकित करवा दिया था, जिसमें विद्यालय रिकॉर्ड में मेरा सही नाम त्रिलोक चंद स्वामी पुत्र का सही नाम शिवकरण दास स्वामी अंकित करवाना चाहता हूं, जिसकी दोनों नाम के परिवर्तन की भविष्य में सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी।

त्रिलोक चंद स्वामी पुत्र गिरधारी दास स्वामी
गाँव ढ़ाणी स्वामियांन तहसील बीदासर, जिला चूरू, राज.

सार्वजनिक - आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं की क़स्बा चुरू में राज का बाड़ा में गढ़ के पीछे पुराना वार्ड नं.- 34 व वर्तमान वार्ड सं. 45 चुरू जिला चुरू (राजस्थान) में एक अवासीया भूखंड मय निर्माण के निचे लिखे आसे पासो का तादादी 943 वर्ग फीट माप का बद्रिदाश, मोहन लाल पुत्रगण गणपत राय व झाबरमल और लादू राम पुर्तागण भेरामॉल व मुका राम पुत्र राम लाल एंड राम नारायण पुत्र बद्रिदाश जाति- अग्रवाल निवासी चुरू के नाम से पट्टा दिनांक 25.08.1943 को रेवेन्यु कमिश्नर राजश्री बीकानेर महाराज के द्वारा पट्टा जारी किया हुवा हैं । तत पस्चायत दिनांक - 18.10.1977 को एक विक्रय - पत्र जो हनुमान प्रसाद पुत्र दुर्गादुत्त जाति अग्रवाल निवासी- चुरू जरिया मुक्तार आम निरंजन लाल पुत्र झाबरमल फतेचंद पुत्र लाडू राम श्याम सुंदर पुत्र लाडू राम, महादेव प्रसाद पुत्र लादू जाति अग्रवाल नीवासी- चुरू हाल मुंबई महाराष्ट्र यह लोग विक्रेता हैं जो झाबरमल पुत्र माली राम जाति सुनार निवासी- चुरू को विक्रय कर दिया जो विक्रय पत्र दिनांक 18.10.1977 को उपपंजीयन चुरू में पुस्तक सं- 1 सुमार नं- 460, पेज नं- 313 से 316पर चस्पा सुधा हैं । तत पश्चायत झाबरमल पुत्र माली राम जाति सुनार निवासी- चुरू जरिया उपहार - पत्र अपने पोते- करण सोनी व अजय सोनी पुत्रगण माणक चंद सोनी निवासी- राजका बाड़ा वार्ड नं. 45 गढ़ के पीछे चुरू तहसील व जिला चुरू को पूर्व दिशा की 943 वर्ग फीट जमीन उपहार में दे हैं जो दिनांक- 27.01.2022 को उपपंजीयन चुरू में पुस्तक स- 1 जिल्द नं. 544, पेज नं. 161 क्रम सं, 202203337100697, अतिरिक्त पुस्तक संख्या- 1 जिल्द नं. 1902, पेजेज- 63 से 71 पर निष्पादित सुदा हैं

आसा पासा भूखंड निर्माण वाके राजका बाड़ा वार्ड नो. 45 गढ़ के पीछे चुरू तहसील व जिला चुरू

उत्तर	दक्षिण	पूर्व	पश्चिम
प्रेमप्रकाश पुत्र झाबरमल के हिस्से की भूमि उसके पश्चायत सुरेश कुमार के माकन	पुरुषोतम लाल सोनी के मकान	रास्ता आम सड़क 41 फीट	प्रेमप्रकाश पुत्र झाबरमल के हिस्से की भूमि
41 फीट	41 फीट	23 फीट	23 Feet

कुल 943 वर्ग फीट

उक्त भूखण्ड वर्तमान में करण सोनी व अजय सोनी पुत्रगण माणक चंद सोनी निवासी- राजका बाड़ा वार्ड नो. 45 गढ़ के पीछे चुरू तहसील व जिला चुरू के स्वामित्व का हैं जिसमे । ऋण सुविधा प्राप्त करने हेतु उक्त सम्पति को (AU SMALL FINANCE BANK LTD) के यहाँ रहिन रख ऋण सुविधा प्राप्त कर रहा है जिस बाबत उक्त भूखंड रहीन रखे जाने व बैंक द्वारा ऋण सुविधा प्राप्त किये जाने में कोई Objection या आपत्ति आमजन या किसी हितधारी को हो तो सार्वजनिक सुचना के तहत 07 दिवस के भीतर भीतर निचे हस्ताक्षरकर्ता के यहाँ लिखित ऐतराज पेश करें बाद मियाद ऋण स्वीकृत कर प्रदत कर दिए जाने उपरांत किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज Objection मान्य व स्वीकार्य नहीं होगा । ।

भवदीय

AU SMALL FINANCE BANK LIMITED CHURU
MO:- 8209090325.
विनोद कुमार सोनी एडवोकेट चैम्बर न. 25 कोर्ट परिसर चुरू
मो. 9414333756.

अनुराग काछवाल बने हिन्दू महासभा के जिला मीडिया प्रभारी

जयपुर टाइम्स

लक्ष्मणगढ़(निस)। शहर के सामाजिक कार्यकर्ता अनुराग काछवाल को अखिल भारतीय हिन्दू महासभा का सीकर जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय महासचिव देवेन्द्र पाण्डेय की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह सोलंकी ने अनुराग काछवाल को सीकर जिला मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है। काछवाल लगातार सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे है, उनकी समाज के प्रति की गई सेवाओं के लिए उक्त मनोनयन किया गया है। काछवाल की नियुक्ति से समाज की गतिविधियों व उत्थान में मदद मिलेगी, काछवाल के मनोनयन पर राजस्थान महासभा तहसील अध्यक्ष सुभाष जोशी, विप्र सेना राष्ट्रीय कार्यकारिणी सुरेश पारीक, शशिकांत पुजारी, प्रदीप शर्मा (गुवाल),सुभाष सुरोलिया, राम शर्मा, व्यवसायी मनीष पोसाणी, राहुल पंडित, ओमप्रकाश जोशी, कमल चोटिया, संदीप नेता, अनिल जोशी सहित नगर के लोगो ने बधाई दी।

तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया संस्थापक दिवस

जयपुर टाइम्स

लक्ष्मणगढ(निस)। शहर के भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को संस्थापक दिवस मनाया गया। समारोह के अंतर्गत पुष्पांजलि व भजनांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव आशकरण शर्मा, प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत, नथमल तोदी बी एड महाविद्यालय प्राचार्या डॉ बीनू शेखावत, प्रबन्ध समिति सदस्य श्रीराम शर्मा, गोपाल त्रिवेदी ने संस्थापक भगवानदास तोदी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके संस्मरणो को याद किया। इस मौके पर सचिव सुनीता शर्मा प्रबंध समिति सदस्य संजना शर्मा, प्राचार्य ममता तंवर, संजय त्रिवेदी, ऋषिकुल बीएड महाविद्यालय प्राचार्या डॉ रेखा शर्मा, ममता तंवर, संजय त्रिवेदी सहित महाविद्यालय का स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर पुरातन छात्र पुष्पेन्द्र शर्मा व विकास सैनी के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों दिव्या व्यास, भूमिका चोटियां, खुशी शर्मा, सिमरन दैया, रवीना योगी, अंजू, निकिता, नितिन, गौरव ने भी भजनों के माध्यम से भजनांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ सदस्य, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वंयसेवक, रेंजर -रोवर्स और अन्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ आनंद शर्मा ने किया।

राम मंदिर में कलश यात्रा व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा आज

जयपुर टाइम्स

मंडावा(निस)। खालासी रोड़ वार्ड एक में स्थित हेरिटेज सिटी में सर्व समाज की ओर से नवनिर्मित श्री राम मंदिर में मंगलवार को पूजा व हवन के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। आचार्य प्रमोद शर्मा पुजारी, शुभम शर्मा पुजारी, नवीन सुरोलिया, विशाल शर्मा, भारत शर्मा पुजारी मुकुंदगढ़ निवासी ने गणेश पूजन, मात्रिका पूजन, नवग्रह पूजन, वास्तु पूजन, कलश पूजन व शिखरबंध पूजन एवं मूर्ति स्नान पूजन यज्ञ भी वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ किया गया। इस दौरान गणेश सैनी, मनोज भार्गव, संजीव कुमार, पार्षद संदीप परिहार, आनंद सोलंकी, नरोत्तम चेजारा, सचिन तूनवाल, विशाल सैनी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। समिति अध्यक्ष गणेश सैनी ने बताया कि श्री राम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को सुबह मूर्ति का नगर भ्रमण कराया जाएगा और इसके बाद सुबह 10.15 बजे श्री सम्राट सिद्धि विनायक मंदिर से कलश यात्रा रवाना होकर श्री राम मंदिर परिसर में पहुंचेगी। दोपहर 12.15 बजे मूर्ति श्रृंगार के बाद मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी और सांय 4 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

टांई सोसायटी के बंद ताले खुलवाने के लिए कलेक्टर को लिखा पत्र

जयपुर टाइम्स

मण्डावा(निस)। बहु.उदेश्य सहकारी समिति लिमिटेड टांई के अध्यक्ष सहदेव सिंह धायल ने 10 जनवरी से बंद पड़ी टांई सोसायटी व मिनी बैंक के लगे ताले खुलवाने व कार्यवाहक व्यवस्थापक सूर्यप्रकाश के खिलाफ नियमित रूप से मिनी बैंक व सोसायटी नहीं खोलने पर विभागीय कार्रवाई करने के लिए जिला कलेक्टर झुंझुनू व प्रबंधक निदेशक झुंझुनू केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड झुंझुनू को लिखा है। गौरतलब है कि टांई सोसायटी के व्यवस्थापक दलीप कुमार को जाँच में दोषी पाए जाने के बाद निलंबित कर दिया गया था। जिसके बाद सूर्य प्रकाश को अस्थाई व्यवस्थापक लगाया गया है। लेकिन 10 जनवरी से लेकर अभी तक टांई सोसायटी के किसानों के फसली ऋण का नवीनकरण नहीं हो रहा है और न ही नए किसानों को फसली ऋण वितरण किया जा रहा है। कार्यवाहक व्यवस्थापक सूर्यप्रकाश का कहना है कि मैंने टांई सोसायटी के व्यवस्थापक के पद से हटाए जाने के लिए उच्च अधिकारियो को लिखकर दे दिया है। एक दो दिन में दूसरा व्यवस्थापक लगा दिया जाएगा।

छापोली ग्राम पंचायत को नगरपालिका बनाने की मांग, ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स

उदयपुरवाटी(निस)। विधानसभा क्षेत्र के छापोली ग्राम पंचायत को लेकर नगरपालिका बनाने की मांग को ग्रामवासियों जोर शोर से उठा रखी है जिसको लेकर मंगलवार को ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें ग्रामवासियों ने बताया कि छापोली ग्राम पंचायत हर मापदंड को पूरा करती है। जिसमे 52 हजार बीघा का क्षेत्रफल और 1000 वर्ष पुराना कस्बा, तीन राजस्व भी शामिल और छापोली की जनसंख्या 25000 के लगभग है और मतदाता की संख्या 11500 है, साथ ही 11 बड़ी क्रेशर संचालित है और 100 हैक्टेयर में खान आवंटित है और छापोली गांव में विद्यार्थियों के लिए सीनियर स्कूल अलग अलग विभाजित है अस्पताल व उप स्वास्थ्य केन्द्र, पशु चिकित्सालय भी मौजूद है और 21 वार्ड है जिसमें हर वार्ड की मतदाता संख्या 600 के लगभग है इसलिए जिला कलेक्टर व मुख्यमंत्री से ग्रामवासियों ने अनुरोध किया है कि सही मापदंड को देखते हुए छापोली ग्राम पंचायत को जल्द ही नगरपालिका में क्रमोन्नत करके छापोली की जनता को खुशी प्रदान करें। इस मौके पर एडवोकेट हंसराज कबीर, प्रवीण मिश्रा, रोहिताश गुर्जर छापोली, किशनलाल सैनी, सुनील कुमावत, शिवनाथ सैनी,पवन टेलर, रामेश्वरलाल सैनी, मुनाराम सैनी, सुल्तान सैनी, सुरेश सैनी, बनवारी लाल सैनी, मकबूल चौपदार, अमीन अली चौपदार, सुभाष भाकर, शाहरुख कलाल, कमलेश सैनी, बाबुलाल सैनी, प्रकाश सैनी,सुगन चौपदार, फिरदोश अली, महावीर गुर्जर, द्वारका प्रसाद गुर्जर, रमेश सैनी, गीगाराम सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

जन्म -मृत्यु व विवाह पंजीकरण को लेकर कार्यशाला का आयोजन

जयपुर टाइम्स

झुंझुनू(निस)। झुंझुनूं पंचायत समिति में जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें नए संशोधन व उनको लेकर आ रही समस्याओं के समाधान की जानकारी दी गई। पंचायत समिति सभागार में मंगलवार को सिविल रजिस्ट्रेशन प्रणाली के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला हुई। उपनिदेशक आर्थिक व सांख्यिकीय पूनम कटेवा की अध्यक्षता में हुई। कार्यशाला में जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन को लेकर जानकारी दी गई। जिसमें पंचायत समिति क्षेत्र के समस्त सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी, नगरपालिका व ग्राम पंचायतों के रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु, निजी अस्पताल संचालक व पहचान पोर्टल पर पंजीयन करने वाले डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने भाग लिया। जिनको जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन की आवश्यकता, प्रक्रिया एवं इससे संबंधित नियम अधिनियम, नए संशोधन व उसको लेकर हो रही समस्याओं के समाधान की जानकारी दी गई। कार्यशाला का संचालन ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा व नायब तहसीलदार अभिषेक मीणा ने किया। जिसमें बीसीएमओ का प्रतिनिधि तस्लीम आरीफ, डॉ. पंकज अजाड़ी कला, डॉ. कुलदीप इस्लामपुर, डॉ. दीक्षा इण्डाली, डॉ राहुल सिंह कालीपहाडी, डॉ. अभिषेक लाम्बा पातुसरी व ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य कार्मिक शामिल हुए। कार्यशाला आयोजन में सांख्यिकी निरीक्षक शीला कुमारी, रेणु सैनी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी पूनम डेला, संगणक नम्रता कानोडिया, राकेश कुमार मुण्डोतिया ने व्यवस्था संबंधी सहयोग किया।

पूर्व विधायक ने किया भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन मोदी का स्वागत

जयपुर टाइम्स

सांभरलेक(निस)। नव नियुक्त नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन मोदी का मंगलवार को पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने नवनियुक्त अध्यक्ष को सभी पार्टीजनों को साथ लेकर सामंजस्य स्थापित कर चलने के लिए कहा। इस दौरान नगर पालिका सांभरलेक के चेयरमैन बालकिशन जांगिड़, निवर्तमान अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र जोपट, अधिवक्ता विजय प्रजापत, किरण बंजारा, सांभर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विनोद चेयरमैन विनोद कुमार सांभरिया, अधिवक्ता उमाशंकर व्यास, प्रेम कुमार शर्मा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्मार्ट निवेश व वित्तीय प्रबंधन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

जयपुर टाइम्स

कोटपूतली(निसं.)। कस्बे के डाबला रोड़ स्थित पाना देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाईयों के तत्वाधान में भारत सरकार की सेबी संस्था के सौजन्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य प्रो. आर. पी. गुर्जर के निर्देशानुसार डॉ. जे आर गुर्जर के संयोजन में हुआ। जिसमें पीपीटी के माध्यम से सेबी प्रतिनिधि अरुण कुमार पूनियां ने छात्राओं को बचत के प्रति आदत विकसित करने, निवेश करने व विभिन्न प्रकार के फ्रॉड से बचने के प्रति जागरूक किया। पूनियां ने बताया कि बिना वेरीफाई ऐप डाउनलोड नहीं करें और ना ही किसी को अपना आधार व ओटीपी दें। निवेश के लिये उचित व सही मार्गदर्शन के लिये व्हाट्सएप या सोशल मीडिया पर निर्भर ना रहें। सेबी की वेबसाईट से विश्वसनीय जानकारी ली जा सकती है। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. भावना चौधरी व कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रतिभा पोसवाल, प्रो. प्रिया खंगरावत ने भी छात्राओं को संबोधित किया। इसमें 100 छात्राओं को दो सत्रों में प्रशिक्षित किया गया। साथ ही नई किरण नई आशा नशा मुक्ति कार्यशाला भी आयोजित हुई। जिसमें प्रो. विमल कुमार यादव ने छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। कार्यशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना की 30 स्वयंसेविकाओं को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम संयोजक व राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. जे आर गुर्जर ने छात्राओं को वित्तीय प्रबंधन में आदतों और मस्तिष्क के प्रशिक्षण की भूमिका पर व्याख्यान दिया। प्रो. गुर्जर ने छात्राओं को भविष्य की चुनौतियों से अवगत करवाते हुये अपने अनुभव साझा किये। संचालन प्रो. विमल कुमार यादव ने किया। इससे पूर्व प्रो. विशंभर दयाल, कमलेश यादव व प्रो. मनोज कुमार ने सेबी प्रतिनिधि का स्वागत किया तथा उदयवीर तोषावर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय एकदिवसीय शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स

कोटपूतली(निसं.)। यहाँ के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में चारों ईकाईयों का द्वितीय एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर की मुख्य थीम 33 वाँ राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह जनवरी 2025 के अनुसार 'सडक़ सुरक्षा' रखी गई। शिविर का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना गीत का गायन किया गया। प्राचार्य प्रो. आर.के. सिंह ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से स्वयंसेवकों द्वारा अब तक किये कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने स्वयंसेवकों को सडक़ सुरक्षा के नियमों का स्वयं पालने करने एवं अपने आसपास के लोगों को उनकी जानकारी देने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें एक्सीडेंट के समय मानवता का परिचय देते हुये मदद के लिये आगे आना चाहिये ना कि वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करना चाहिये। मुख्य अतिथि यातायात निरीक्षक महेंद्र कुमार ने स्वयंसेवकों को ट्रिपल ए-ऑलवेज अवॉइड एक्सीडेंट से परिचित कराया। उन्होंने वेबसाईट के माध्यम से अपने लाईसेंस के लिये एप्लाई करने की प्रक्रिया बताई और लाइसेंस की अनिवार्यता, महत्व एवं उल्लंघन पर होने वाले नुकसानों व सजा के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। साथ ही सडक़ सुरक्षा से सम्बंधित सामान्य नियमों वं सावधानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को यातायात सुरक्षा की शपथ दिलवाई। कम्युनिटी फॉर सेफर रोड्स एनजीओ की यातायात सुरक्षा एक्सपर्ट निशा बग्गा ने स्वयंसेवकों के समक्ष विभिन्न कंडीशन प्रस्तुत की एवं उनसे वार्तालाप किया। उन्होंने एक्सीडेंट के दौरान सीन सेफ्टी एवं गोल्डन ऑवर में की जाने वाली मदद में रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने गुड समेरिटन लॉ के प्रावधानों से सम्बंधित जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवकों को सीपीआर देने की ट्रेनिंग दी। संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संदीप कुमार आर्य ने किया। प्रो. जितेंद्र कुमार यादव ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रो. सज्जन सिंह यादव, प्रो. शुभलता यादव एवं प्रो. अशोक सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के चरक उद्यान, विज्ञान कला भवन के मध्य स्थित भूखंड एवं खेल के मैदान की साफ-सफाई की। खेल के मैदान से खरपतवार उखाडऩे एवं प्लास्टिक कचरा उठाकर यथास्थान निस्तारण किया। सभी स्वयंसेवकों ने शिविर की गतिविधियों एवं कार्यों में बढ़-चढकऱ उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जीप ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

सवाई माधोपुर(निसं.) सवाई माधोपुर में मलारना डूंगर क्षेत्र में खिरनी-बौंली रोड पर मंगलवार दोपहर सड़क हादसे में 1 युवक की मौत हो गई। यहां एक थार जीप ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में मौत हो गई। वहीं दूसरे गंभीर घायल युवक को सवाई माधोपुर जिला अस्पताल से जयपुर रेफर किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बाइक सवार खिरनी निवासी आहद अली (19) पुत्र अहमद अली व कैफ अली (18) पुत्र रऊफ अली बाइक पर सवार होकर भाडौती से अपने गांव खिरनी जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही थार जीप ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी की बाइक सवार दोनों युवक बाइक सहित खेतों में जाकर गिरे। वहीं थार जीप भी बेकाबू होकर खेतों में कूद गई। दुर्घटना की सूचना के बाद खिरनी पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायल युवकों को सवाई माधोपुर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां अस्पताल पहुंचने से पहले आहद अली की मौत हो गई।

बगड़िया एफपीओ बन रहा किसानों के लिए मददगार

जयपुर टाइम्स

लक्ष्मणगढ़(निस)। उपखंड के किसान इन दिनों बगड़िया हाई-टेक एफपीओ के माध्यम से किसान लाभान्वित हो रहे हैं। लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक में ग्राम पंचायत नरोदडा के ढोलास गांव में एक किसान उत्पादक संगठन बगड़िया हाईटेक एफ पी ओ चल रहा है। यहां पर प्रमाणित एवं उच्च गुणवत्ता युक्त सभी फसलों के बीज कीटनाशक खरपतवार नाशक उर्वरक एवं हाई-टेक पशु आहार बाजार से काफी सस्ती रेट में व विशेष अनुदान के साथ कृषक भाइयों को उपलब्ध करवाया जा रहा है। यह एफपीओ केंद्रीय क्षेत्रीय योजनाओं के अंतर्गत बना है जिसका संचालन नाबार्ड की ओर से पॉपी कमल निष्ठा संस्थान के माध्यम से किया जा रहा है, सीकर नाबार्ड के डीडीएम एम एल मीणा, सीकर पीएनबी के एलडीएम डॉक्टर सुभाष कटियार, एग्रीकल्चर मैनेजर पीएनबी के सुधेश पूनिया, बजाज फाउंडेशन सीकर, अर्पण सेवा के संस्थान जयपुर, जीएसवीएस अजमेर, युवा जागृति संस्थान अलवर, ग्रीन वर्ल्ड फाउंडेशन जयपुर, कमल निष्ठा संस्थान के विभिन्न पदाधिकारियो व नो श्याम कृषक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से भजनलाल देवव्रत, महावीर हैप्पी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से कुमारी मोनिका यादव, सुमन, मुन्नी देवी, रिंकू देवी, मंजू , निशा, बबीता, मीरा, चंचल, प्रवीण यादव, भागीरथ सिंह,महावीर सहित बड़ी संख्या में किसानों ने बगड़िया हाईटेक एफपीओ का भ्रमण किया।

राजस्थान मरू उड़ानः स्तन और सर्वाइकल कैंसर पर कार्यशाला

जयपुर टाइम्स

झुंझुनूं(निस)। राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत महिला अधिकारिता विभाग की ओर से मंगलवार को न्यू राजस्थान बालिका पी.जी. महाविद्यालय में स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्शा चौधरी ने स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, पहचान और समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों और उसके निदान के लिए नियमित जांच के महत्व को समझाया। इसके साथ ही, उन्होंने छात्राओं को इन बीमारियों के प्रति जागरूक रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। कार्यशाला में महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्योला ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को कैंसर जैसे गंभीर रोगों के प्रति जागरूक करना और उन्हें समय पर उपचार के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राओं और स्त्री रोग विशेषज्ञ से अपने सवाल पूछे और कैंसर से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया। कार्यशाला में प्यारेलाल ढूकिया, संस्थान के निदेशक पीयूष ढूकिया, एडीईओ प्रमोद आबूसरिया, एपीआरओ विकास चाहर सहित सैकड़ो की संख्या में छात्राएं मौजूद रहें ।

गोचर भूमि का सीमांकन करवाने की मांग

जयपुर टाइम्स

सुजानगढ़(नि.सं.)। शहर के निकटवर्ती गांव लोढ़सर में स्थित गौशाला के अध्यक्ष भगवानाराम जांगिड़ के नेतृत्व में गांव के कुछ ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपकर गांव में भिन्न-भिन्न स्थानों पर स्थित गोचर भूमि का सीमांकन करवाने की मांग की है। जिला परिषद सदस्य नौरंगलाल सिलू ने उपखंड अधिकारी को बताया कि गौशाला की चारदीवारी ग्रामीण बनाना चाहते हैं, इसलिए सीमांकन आवश्यक है। उपखंड अधिकारी ने जल्द समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान महेंद्रसिंह, रतनलाल, शंकरलाल, जगदीश सिलू, चेतनसिंह, भंवरलाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

चोरी का आरोपी पुलिस रिमांड पर

जयपुर टाइम्स

सुजानगढ़(नि.सं.)। सदर थाना पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एएसआई तनसुख नैण ने बताया कि 14 जनवरी को मोहनराम जाट निवासी गेड़ाप ने रिपोर्ट दी कि मेरे खेत में कैबल व पंप कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया। इसी प्रकार अन्य किसानों का भी खेती किसानी का सामान गायब था। जिस पर जांच की गई। जिसके बाद एसीजेएम न्यायालय से वारंट प्राप्त कर डीडवाना की जेल से प्रोडक्शन वारंट पर आरोपी बाबूलाल पुत्र प्रभुराम नायक निवासी मूंधड़ा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर 23 जनवरी तक का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। आरोपी से पुलिस बरामदगी के प्रयास कर रही है।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
22 जनवरी, 2025

यातायात नियमों की पालना के लिए वाहन चालकों से समझाइश

जयपुर टाइम्स

तारानगर(निस)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत चूरू पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन, तारानगर डीएसपी रोहित सांखला के सुपरविजन में तारानगर पुलिस ने मंगलवार को रात्रि में सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए वाहनों के रिफ्लेक्टर लगाए गए और वाहन चालकों से समझाइस की। यातायात प्रभारी हैड कॉंस्टेबल सुरजाराम प्रजापत ने बताया कि सात्यूँ सर्किल सहित क्षेत्र के मुख्य चौराहों पर वाहन चालकों को सीट बेल्ट, हेल मेट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने सहित यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर कॉंस्टेबल कालूराम व हरलाल भी साथ रहे।

भ्रष्टाचार की होगी जांच, ग्रामीणों का धरना लिखित आश्वासन के बाद समाप्त

जयपुर टाइम्स

बीदासर(निस)। उपखंड कार्यालय के बाहर ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान के विभिन्न विकास कार्यो में भर्ष्टाचार की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना मंगलवार को एडीएम मंगलाराम पुनिया के लिखित आश्वासन के बाद 14वें दिन समाप्त हुआ। जिला कलक्टर के निर्देश पर मौके पर वार्ता करने पहुंचे एडीएम मंगलवार पुनिया, एसडीएम अमीलाल यादव, तहसीलदार ताराचंद, बीडीओ राजूराम, सहायक विकास अधिकारी हंसराज मीणा ने ग्रामीणों से वार्ता की और निष्पक्ष जांच कराने का लिखित आश्वासन दिया जिसके बाद धरनार्थियों ने धरना समाप्त किया। एडीएम ने कहा कि ग्राम पंचायत ढाणी स्वामीयान के सरपंच हीरा देवी के कार्यकाल में हुए विभिन्न विकास कार्यों में भर्ष्टाचार व अनिमियतत्ता के संबंध में पूर्व में तीन जांचे कराई जा चुकी है, जिससे धरनार्थी सन्तुष्ट नही है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के उच्च्च अधिकारियों से जांच कराना चाहते हैं। ग्रामीणों को दो महीने का लिखित आश्वासन देकर धरना समाप्त करवाया गया। इस मौके पर जोधाराम जाट, जगदीश प्रसाद पोटलिया, तोलाराम नायक, गोपाल राव आदि मौजूद रहे।

आजाद युवा संगठन ने थानाधिकारी का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

सरदारशहर(निस)। शहर के आजाद युवा संगठन की ओर से थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई का मंगलवार को संगठन के सदस्यों की ओर से स्वागत किया गया। प्रदेशाध्यक्ष मास्टर तोलाराम गौड़, अध्यक्ष मालाराम कुमावत की ओर से थानाधिकारी का साफा और माला पहनाकर स्वागत किया गया। थानाधिकारी के पिछले शानदार कार्यकाल के बारे चर्चा की। सदस्यों को अवगत करवाया कि उनका पिछला कार्यकाल सरदारशहर में बहुत ही शानदार रहा और ये कार्यकाल भी उनके अच्छे कार्यों और मेहनत की वजह से शानदार रहेगा। संगठन के उपाध्यक्ष अशोक पारीक की ओर से भी इनके गत वर्ष के अच्छे कार्यकाल के बारे में सराहना की गई। इस उपलक्ष पर सभी सदस्यों को माला पहनाई गई और मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर अनिल सैनी, खिराज मेव, सुरेन्द्र शर्मा, बजरंग सेन, सांवरमल, मानक चंद मास्टर, नरपत सिंह, इंद्राज स्वामी, ओमप्रकाश, राम सिंह, रामू नाथ, सांवरमल जाखड़, किशन लाल, हंसराज सिद्ध आदि अन्य संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

क्षतिग्रस्त सड़कों से आजिज आ चुके टैम्पो चालक 27 को करेंगें चक्का जाम

जयपुर टाइम्स

सरदारशहर(निस)। शहर के नगर परिषद क्षेत्र में खस्ता हालात सड़कों की मरम्मत को लेकर टैम्पो चालक यूनियन ने प्रशासन को चेतावनी दी है। मजिस्ट्रेट कोठी से रेलवे स्टेशन फाटक तक की मुख्य सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इसके अलावा सार्वजनिक निर्माण विभाग की लगभग 17 किलोमीटर सड़क भी टूट चुकी है। स्थिति को और गंभीर बनाते हुए एलएनटी कंपनी द्वारा ड्रेनेज पाइपलाइन बिछाने के दौरान शहर की अधिकांश गलियों की सड़कें खोद दी गई हैं। टैम्पो चालक यूनियन का कहना है कि लंबे समय से अधिकारियों से इन सड़कों की मरम्मत की मांग कर रहे हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि 27 जनवरी 2025 तक समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मजिस्ट्रेट कोठी के पास चक्का जाम करेंगे। इस आंदोलन की जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित अधिकारियों पर होगी। इस अवसर पर प्रदीप भार्गव, प्रमज शर्मा, महेंद्र कुमार, बबलू चौहान, संजय माली, ताराचंद माली, गंधान सैनी, निर्मल सिंह, इशबु खान, फरियाद खान, ओमप्रकाश सैनी, संजू सैनी और बाबू खान सहित कई टैम्पो चालक आंदोलन का हिस्सा हैं।

वॉइस ऑफ़ कंज्यूमर विषय पर कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स

रतनगढ़(निस)। राजकीय जालान महाविद्यालय रतनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे विशेष शिविर के बौद्धिक सत्र के अंतर्गत मुख्य अतिथि के रूप में मनोज कुमार मील, अध्यक्ष उपभोक्ता आयोग, जिला झुंझुनू , चूरू, सीकर मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष मासूम, सदस्या उपभोक्ता आयोग चूरू मौजूद रही। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ ए के सक्सेना ने की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुशील त्यागी ने बताया कि बौद्धिक सत्र में अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने, विद्यार्थियों को सोशल मीडिया से दूरी बनाने तथा पुस्तकों से निकटता बनाने का आह्वान किया। संतोष मासूम सदस्या, उपभोक्ता आयोग चूरू ने, विद्यार्थियों को उपभोक्ता संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर कल्याण सिंह चारण ने राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत होने वाले विविध कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुशील त्यागी ने युवाओं को उत्साहवर्धित करते हुए कहा, कि एक बार, आप जो ठान लो और मान लो, तो यह बेहद जरूरी हो जाता है कि वह काम अवश्य होकर रहेगा। डॉ त्यागी ने महाविद्यालय में चलाए जा रहे नो वेस्ट वाटर डे मिशन की जानकारी भी मुख्य अतिथि से साझा की, जिसे मुख्य अतिथि ने बहुत-बहुत सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ ए के सक्सेना ने मंचस्थ अतिथियों का आभार जताया। उपभोक्ता आयोग चूरू के अध्यक्ष, मनोज कुमार मील और सदस्या संतोष मासूम ने महाविद्यालय में चल रहे, नो वेस्ट वाटर डे मिशन, के संकल्प पत्र, जल बचाने के लिए हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ संकाय सदस्य, डॉक्टर के सी जोशी ने अतिथियों का, संदर्भ व्यक्तियों का महाविद्यालय परिवार का व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का इस बौद्धिक यज्ञ में आहुति देने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से यह भी आह्वान किया कि आप डेली नोटबुक लेकर आए और इस तरह के महान व्यक्तित्व से दिए गए दिए गए ज्ञान का नोटबुक में अंकन करें। कार्यक्रम में प्रो कमल योगी व अन्य स्टाफ के अलावा भारी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन डॉक्टर एस के त्यागी ने किया। अंत में विद्यार्थियों ने आयोग के अध्यक्ष व सदस्य के साथ सेल्फी पॉइंट पर, खुश रहने की और नकारात्मक शक्तियों से दूर रहकर जीवन में सकारात्मकता अपनाने की शपथ भी ली।

विभिन्न मांगो को लेकर पटवार संघ का धरना 9 वें दिन भी जारी

जयपुर टाइम्स

तारानगर(निस)। 9 सूत्री मांगो को लेकर तारानगर पटवार संघ का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 9 वें दिन भी जारी रहा। पटवार संघ के अध्यक्ष राकेश पूनियाँ ने बताया कि गिरदावरी एप में अपेक्षित आवश्यक संशोधन करवाने, नव सृजित पटवार मंडल को वित्तीय स्वीकृति दिलवाने, लंबित और रिव्यू डीपीसी का आयोजन करने, 752 नवीन सृजित भू अभिलेख निरीक्षक पदों का निर्धारण करने, राजस्व कार्य के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने, नायब तहसीलदार से तहसीलदार में पदोन्नति कोटा बढ़ाने, तहसीलदार पद पर मंत्रालयिक संवर्ग के कोटे का पुन निर्धारण, हार्ड ड्यूटी और स्टेशनरी भत्तों में बढ़ोतरी करवाने, संयुक्त कैडर की वरिष्ठता सूची जारी करने आदि 9 सूत्री मांग को लेकर तहसील कार्यालय पर हमारा अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है, सरकार हमारी कोई सुनवाई कर रही है। पूनियाँ ने कहा कि ज़ब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती है तब तक हमारा धरना जारी रहेगा। उपस्थित पटवारियों ने पटवारी एकता जिंदाबाद व हमारी मांगे पूरी करो के जमकर नारे भी लगाए। इस मौके पर कुलदीप ज्याणी, अशोक राहड़, देवकरण जोशी, सुरेश कस्वां, धर्मेन्द्र महर्षि, महेश शर्मा, नाथुराम रुलानिया, लीलाधर गोस्वामी, बुधराम जोशी, रोहिताश बीजारणीया, मोनिका, सुमन, दीपक, मोहन महला, अजय, प्रेम राज, गुरदयाल सहित पटवार संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

प्रजापति समाज के युवाओं को नई जिम्मेदारी

सरदारशहर में नवयुवक मंडल का गठन, सोनू भोड़ीवाल बने अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

सरदारशहर(निस)। शहर के प्रजापति भवन में समाज की कार्यकारिणी और संरक्षक मंडल ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नवयुवक मंडल का गठन किया। इस नई कार्यकारिणी में सोनू भोड़ीवाल को अध्यक्ष, मनोज छापोला को उपाध्यक्ष, गंगाधर मारोठीया को मंत्री और विकास अडावलिया को आयोजन मंत्री नियुक्त किया गया। समाज के मंत्री दौलतराम भाटीवाल ने बताया कि यह मंडल धार्मिक, शैक्षिक और सामाजिक कार्यों को गति प्रदान करने के साथ-साथ युवाओं में जागरूकता बढ़ाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि मंडल की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह समाज की जरूरतों के अनुरूप कितना कार्य करता है। नवनियुक्त अध्यक्ष सोनू भोड़ीवाल ने अपनी पहली पहल के रूप में 31 जनवरी 2025 को प्रजापति भवन में श्री श्रीयादे माता जयंती के आयोजन की घोषणा की। समाज के संरक्षक जगदीश प्रसाद सिरस्वा ने युवाओं से आह्वान किया कि न केवल स्वयं जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनें बल्कि अपनी रचनात्मक शक्ति का प्रयोग समाज और राष्ट्र के विकास में करें। उन्होंने कहा कि आज का युवा समाज की गतिविधियों में बिना किसी स्वार्थ के योगदान देना चाहता है जो एक सकारात्मक संकेत है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधों की देखभाल जरूरी: महर्षि

जयपुर टाइम्स

रतनगढ़(निस)। पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि की प्रेणना से धानुका एग्रीटेक लिमिटेड, दिल्ली के आर्थिक सौजन्य से भारत विकाश परिषद के तत्वावधान में स्थानीय भाजपा कार्यालय में ट्री गॉर्ड का वितरण किया गया। पूर्व विधायक महर्षि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में पेड़ लगाने के साथ साथ उनकी देखभाल भी जरूरी है। ट्री गॉर्ड पौधों की रक्षा के लिए वरदान साबित होता हैं। ट्री गॉर्ड की महत्ता को समझते हुए आबसर, सेहला, लूछ व भोजासर गाँवो के लिए ट्री गॉर्ड वितरित किए गए। महर्षि ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश भर में करोड़ो पौधे लगाए गए अब पौधे की रक्षा के लिए सभी एकजुट होकर पौधे की देखभाल का संकल्प ले तभी मुहिम सफल हो पाएगी। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान, परिषद के स्थानीय शाखा सचिव परमेश्वर आत्रेय, भाजपा नेता अर्जुनसिंह फ्रांसा, जगजीत सिंह, श्योपाल रुखसार, महावीर महर्षि, रामावतार शर्मा, सरपंच संपत नायक, साबू सिंह, गिरधारी कांटीवाल, सवाई सिंह, नत्थू सिंह, मेजर सिंह, हिम्मत सिंह, संतोष तालनिया, प्रवीण शर्मा, मुकेश प्रजापत, नंदलाल सुरोलिया, राकेश शर्मा, सुशील इन्दोरिया, सलीम खान सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

मारपीट के प्रकरण में चार आरोपी गिरफ्तार

__जयपुर टाइम्स/सुजानगढ़(नि.सं.)।__ मकर सक्रांति के दिन हुए दो पक्षो के झगडे के बाद पचीसों लोगों के लाठियों से झगड़ते हुए वायरल हुए वीडियो के मामले में पुलिस ने चार लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि पवन कुमार पुत्र श्रवण कुमार, राजेंद्र कुमार पुत्र गीगराज, अशोक पुत्र भंवरलाल, ललित नाथ पुत्र भंवरलाल को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर पाबंद करवाया गया है। सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि वीडियो में दिखने वाले सभी आरोपियों को पहले शांतिभंग में अरेस्ट किया जाएगा और बाद में सभी लोगों के चिन्हित हो जाने पर एक साथ मुकदमों में भी गिरफ्तार किया जाएगा।

सोना व लाखों रुपए लेकर युवती लापता

जयपुर टाइम्स

रतनगढ़(निस)। कस्बे में एक बीस वर्षीय युवती अपने घर से लापता हो गई और साथ में एक लाख 70 हजार रुपए नकदी व छह तोला सोना भी ले गई। इस आशय की रिपोर्ट लापता युवती के 55 वर्षीय पिता ने रतनगढ पुलिस में दी है, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि शहर के एक वार्ड के रहने वाले 55 वर्षीय व्यक्ति द्वारा दी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 20 जनवरी की दोपहर उसकी पुत्री बिना बताए घर से निकल गई। पुत्री के पास एक मोबाइल था, जिससे वह दिनेश नाम के युवक से बातचीत करती थी। उसी ने ही उसकी पुत्री को फोन दिया था और उसे पास में रहने वाली विवाहिता चार्ज करके देती थी। परिवार में गमी होने के कारण सभी लोग वहां पर थे और मौके का फायदा उठाकर दिनेश ने उसकी पुत्री को कहीं भेज दिया। घर पर एक लाख 70 हजार रुपए नकदी व छह तोला सोना भी रखा हुआ था, जो नहीं मिला। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी युवक अपराधिक प्रवृति का है और उससे उसकी पुत्री को जान का खतरा है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच एएसआई रामनिवास के सुपुर्द की है।

महर्षि ने किया मंडल अध्यक्ष का स्वागत

जयपुर टाइम्स

रतनगढ़(निस)। पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के आवास पर मंगलवार को नवनियुक्त पड़िहारा भाजपा मंडल के अध्यक्ष श्योपाल रूखासर और जिला प्रतिनिधि के जगजीत सिंह राठौड़ सरपंच पड़िहारा की ओर से पड़िहारा मंडल की और से महर्षि का सम्मान किया गया। महर्षि ने भी नवयुक्त पदाधिकारियों का साफा, पार्टी का दुप्पटा पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यकम में अर्जून सिंह फ्रांसा, सन्तोष तालनिय, बजरंग गुर्जर उपस्थित रहे।पड़िहारा मंडल की ओर से ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजकुमार हर्सवाल, राजेंद्र हर्षवाल, सुरेंद्र कुमार, द्वारिका सिंह, सवाईसिंह, नाथूसिंह, मेजर सिंह, बाबूलाल स्वामी, सोहन राम मेघवाल, रणजीत सिंह राठौड़, रामेश्वर लाल सुंडा , दातार सिंह, रूपेंद्र सिंह राठौड़, उमेद सिंह, मदन सिंह राठौड़, जगमाल सिंह शेखावत, भंवरलाल लांबा, जगदीश बिजारणियां, कानाराम मेघवाल, बिजूराम मेघवाल, जितेंद्र सिंह, मुन्नाराम मेघवाल ,बनवारी लाल जांगिड़, प्रहलाद शर्मा दीपसर, मनीष चिनिया काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

रतनगढ(निस)। श्री चिरंजीलाल धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, रतनगढ़ के तत्वावधान में विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरूक्षेत्र की ओर से आयोजित परीक्षा रतनगढ़ में आज छात्रों व विद्यालयों में संस्कृति ज्ञान परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। संकुल प्रमुख लोकेश कुमार चौमाल ने बताया कि 3500 छात्र/छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। रतनगढ़ तहसील के लगभग सभी विद्यालयों में संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं का उत्साह बहुत अच्छा दृष्टिगोचर हुआ। जिला सचिव त्रिविक्रम अपूर्वा ने बताया कि विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरूक्षेत्र की ओर से भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित संस्कृति ज्ञान परीक्षा हर वर्ष पूरे देश में आयोजित करवाई जाती है। इस वर्ष चूरू जिले के अंदर आदर्श विद्या मंदिर 47 और अन्य 400 विद्यालयों में कुल 25000 भैया/बहिनों, आचार्य व पूर्व छात्र इन सबने परीक्षा दी। इस परीक्षा को देश भर में करवाने का उद्देश्य हमारे ज्ञान विज्ञान हमारी संस्कृति इन सबकी जानकारी प्रत्येक बालक को मिले ऐसा उद्देश्य है। इस अवसर पर प्राध्यापक नागरमल प्रजापत, श्यामलाल प्रजापत, दिनेश कुमार तिवाड़ी, राजेश बशीर, दामोदर मंगलहारा, श्यामलाल शर्मा, पवन ठठेरा, श्यामसुन्दर ठठेरा, विनोद बालान, प्रकाश चन्द माली, नरेन्द्र प्रजापत, सुरेश कुमार, माधव शर्मा, औंकार सिंह, जीवण सिंह, दिलीप, प्रियवत पारीक, गिरधारी प्रजापत व बजरंग लाल आदि ने मार्गदर्शन में परीक्षा विधिवत् सम्पन्न हुई।

अलग अलग हादसों में पांच घायल

जयपुर टाइम्स

रतनगढ़(निस)। रतनगढ़ में नेशनल हाईवे 11 पर सोमवार की रात दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक दोनों ही घटनाओं का पुलिस में मामला दर्ज नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार सालासर फांटे के पास बाईक सवार 20 वर्षीय विकास बेनीवाल व 17 वर्षीय पियुष जाट को ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना में विकास व पियुष घायल हो गए। वहीं दूसरी घटना एनएच 11 पर जयपुर पुलिया की है। ट्रेक्टर ट्रोली को पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे पिकअप में सवार सिंघाना के गांव सागा निवासी 30 वर्षीय नरेंद्र अहीर व 62 वर्षीय शिवराम अहीर और हरियाणा के नारनौल निवासी 25 वर्षीय योगेशसिंह घायल हो गए। घटना के समय पिकअप नरेंद्र चला रहा था। नरेंद्र ने बताया कि बेसहारा गोवंश के आ जाने के कारण पिकअप अनियंत्रित हो गई और ट्रेक्टर ट्रोली से टकरा गई। दोनों ही घटनाओं में घायल हुए पांचों लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। वहीं ट्रेक्टर ट्रोली चालक लाछड़सर निवासी श्रवणकुमार जाट के कोई चोट नहीं आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक दोनों ही घटनाओं का पुलिस में मामला दर्ज नहीं हुआ है।

तोलाराम माटोलिया की स्मृति में कम्बल वितरण

जयपुर टाइम्स

सुजानगढ़(नि.सं.)। स्थानीय श्री परमार्थ सेवा संस्थान के तत्वाधान में तोलाराम माटोलिया की 15 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर संस्थान मंत्री जय प्रकाश शर्मा की ओर से स्थानीय ठरडा रोड पररहने वाले भोपा समाज की कच्ची बस्ती में कम्बल व फल वितरण का किया गया। समाज सेवी यशोदा माटोलिया की ओर से भोपा समाज के बुजर्गो का शॉल व श्रीफल देकर सम्मान किया गया व समाज की सभी महिला व बच्चों को सम्बोधित करते हुए अपने परम्परागत कार्यो को छोड़ कर शिक्षा की तरफ ध्यान देने की बात कही। वैद्य भंवरलाल काछवाल ने राज्य व केंद्र की अनेक योजनाओ की जानकारी देते हुए इनसे लाभ उठा कर अपना जीवन स्तर सुधारने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री सुमन सामरिया, सुषमा रांकावत, सिमरन माटोलिया, मनसुख रूंथला सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। मंत्री जय प्रकाश शर्मा की ओर से कार्यक्रम में सभी शामिल लोगों का अभिवादन किया गया।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
22 जनवरी, 2025

115 सरकारी स्कूलों में 37248 कॉपियां वितरित

जयपुर टाइम्स

सुजानगढ़(नि.सं.)। सुप्रीम फाउण्डेशन जसवंतगढ़ की ओर से सुजानगढ़ तहसील के 115 सरकारी स्कूलों में 37248 कॉपियां वितरित की गई। क्षेत्र के गांव बाघसरा आथूणा के राउमावि के प्राथमिक कक्षाओं के 122 विद्यार्थियों को 488 कॉपियों का वितरण किया गया। संस्था प्रधान हंसा रूण्डला ने इस अनुकरणीय पहल की फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी बजरंगलाल तापड़िया, महावीर प्रसाद, मुख्य समन्वयक श्याम बाबू, कोर्डिनेटर जयसिंह व मनोज सोलंकी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य व समस्त सरकारी अध्यापक और फाउंडेशन स्वयंसेवक अर्जूनराम, समेराराम, रामचन्द्र, हुकमाराम व मुकेश मीणा उपस्थित रहे।

लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी में होगा बाल मेले का आयोजन

जयपुर टाइम्स

बिसाऊ(निस)। लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ में शीतकालीन बाल मेले का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य दीपक पुरोहित ने बताया कि सोमवार 27 जनवरी 2025 को विद्यालय में शीतकालीन बाल मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में विभिन्न प्रकार के फूड स्टॉल के साथ- साथ संगीत, नृत्य, ऊंट की सवारी, घुड़सवारी, झूले और विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया जाएगा। मेले का मुख्य आकर्षण लक्की ड्रा रहेगा जिसमें ड्रा से विभिन्न आकर्षक उपहार निकाले जाएंगे। इस तरह का शेखावाटी क्षेत्र का यह पहला आयोजन है जिसके कारण बच्चों और अभिभावकों में उत्साह है। इससे विद्यार्थी व्यापार प्रबंधन का कौशल प्राप्त करेंगे। बाल मेले का समय दोपहर 12.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक का रहेगा। जिसमें बिसाऊ, चूरू व आसपास के क्षेत्रों के लोग शामिल होंगे।

राष्ट्रीय सुरक्षा माह में छह हज़ार विद्यार्थियों को दी यातायात नियमों की जानकारी

जयपुर टाइम्स

झुंझुनूं(निस)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान 6 हजार से अधिक विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। बेसहारा गौवंश व कुतों के गले में बांधें गए और नेक रेडियम बेल्ट राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिला झुन्झुनू में स्कूल कॉलेज के 6 हजार से अधिक छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और स्कूल, कॉलेज के बस चालको व स्थानीय चालकों को ऑवर स्पीड मे वाहन नही चलाने, सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने, वाहन के कागजात पूर्ण रखने, यातायात नियमो की पालना करने के लिए समझाईस की गई और जिला झुन्झुनू व आसपास की मुख्य सड़को पर घूमने वाले बेसहारा जानवरो के कारण हादसों की संभावना बनी रहती है। इन संभावनाओ को दूर करने के लिए और रात के समय जानवर यदि सड़क पर आए तो वाहन चालकों को आसानी से पता चल सके इसलिए जिला यातायात पुलिस की ओर से बेसहारा गौवंश और कुत्तो के अलावा अन्य जानवरों के गले में नेक रेडियम बेंल्ट बांधे गए साथ ही मौजूदा ग्रामीणो शहर वासियो, वाहन चालको को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमो की पालना करने व करवाने की शपथ दिलाई गई।

साईबर सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी दी

जयपुर टाइम्स

बिसाऊ(निस)। साईबर शिल्ड अभियान व राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, साईबर सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी दी गई। रामपाल मीणा उप निरीक्षक पुलिस थाना बिसाऊ व स्टाफ की ओर से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह एवं साईबर शील्ड अभियान के तहत राजस्थान पब्लिक स्कुल, बिसाऊ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत उपस्थित विद्यार्थियों व अध्यापक को यातायात नियमों की जानकारी व साईबर अपराधियों की ओर से साईबर अपराध की घटना कारित करने के बारे में बचाव के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही छात्र छात्राओं की शंकाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

पूनम महविद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

मंडावा(निस)। पूनम महाविद्यालय, मण्डावा में सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान यातायात नियमों व साईबर अपराध के बारे विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। थानाधिकारी रामनिवास उ.नि. पुलिस थाना मण्डावा व स्टाफ की ओर से कस्बा मण्डावा में स्थित पूनम महाविद्यालय, मण्डावा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाकर महाविद्यालय स्टाफ व बालिकाओं को सड़क सुरक्षा व साईबर अपराध के संबंध में जागरूक गया। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं व स्टाफ को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और वर्तमान में साईबर अपराधियों की ओर से साईबर अपराध की घटना कारित करने के तरीकों के बारे में जागरूक कर उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

दो दिवसीय टेस्ट क्रिकेट मैच का समापन

जयपुर टाइम्स

रतनशहर(निस)। माखर पंचायत मुख्यालय स्थित रतनशहर के गोदाम स्टेडियम में कैलाश केसरी अस्पताल के सौजन्य से रतनशहर यूथ क्लब के अध्यक्ष विक्रम सैनी के नेतृत्व में ग्राम विकास अधिकारी और बगड़ क्रिकेट क्लब के बीच दो दिवसीय मैत्री मैच का आयोजन हुआ। इस मैच में ग्राम विकास अधिकारियों ने बगड़ क्रिकेट क्लब को 27 रन से हराया। मैच की शुरुआत में ग्राम विकास अधिकारी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उन्होंने अपनी पहली पारी में 136 रन बनाए। इसके जवाब में बगड़ क्रिकेट क्लब सिर्फ 128 रन ही बना सका। इसके बाद ग्राम विकास अधिकारी ने अपनी दूसरी पारी में 162 रन बनाए, जबकि बगड़ क्रिकेट क्लब अपनी दूसरी पारी में 146 रन ही बना सका और यह मैच ग्राम विकास अधिकारियों ने 28 रन से जीत लिया। इस मैच में डॉ. उमेश शर्मा, डॉ. बलविंदर सिंह, डॉ. राजेश शर्मा, वीरेंद्र लामोरिया एक्स आर्मी, दीपेश कुमार अध्यापक, कपिल डांगी प्रिंसिपल, नरेश शर्मा, अरुण निर्मल जीएसटी डिपार्टमेंट सुमित नगर पालिका बगड़ एडवोकेट कृष्ण कुमार, ग्राम विकास अधिकारी ज़िला अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह,अनिल कुमार, संदीप भाम्बू अलीपुर, संदीप ऐचरा, नवीन, संदीप ख्यालिया, अनिल भाम्बू मुकेश कुमार, कुलदीप कुमार, संजय अनिल बराला आदि ने मैच में भाग लिया। मैच के आयोजक विक्रम सैनी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया के इस युग में मैदान पर शारीरिक रुप से पसीना बहाना भी बेहद जरूरी है जिससे मानसिक रुप से शरीर मजबूत बन सके। इस अवसर पर यह संदेश दिया कि खेल हमारे जीवन में कितने महत्वपूर्ण हैं और लोगों को खेलों के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ानी चाहिए। मैच में अंपायर की भूमिका में प्रवीण सैनी, पंकज शर्मा, अंकित धीमा तथा स्कोर की भूमिका में नितिन सैनी, शेर सिंह सैनी और मोहित शर्मा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

अरविंद भांभू बने विधानसभा प्रभारी

जयपुर टाइम्स

चूरू(निस)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया एंड डिजिटल प्लेटफॉर्म डिपार्टमेंट ने अरविंद भाम्भू को दिल्ली प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों में बादली विधानसभा का प्रभारी बनाया है। डिपार्टमेंट के चेयरमैन सुमित भगासरा ने अपने आदेश में लिखा है कि विधानसभा चुनावों तक भाम्भू दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देशन में कार्य करेंगे। इस नियुक्ति पर अरविंद भाम्भू ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी का आभार जताते हुए इस जिम्मेदारी को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाने का वादा किया। नियुक्ति के बाद स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

पटवारियों का धरना नौ दिनों से जारी

जयपुर टाइम्स

सुजानगढ़(नि.सं.)। विभिन्न मांगों को लेकर पटवारी तहसील मुख्यालय पर नौ दिनों से धरना दे रहे हैं। पटवारियों के काम पर नहीं होने के कारण आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भू अभिलेख निरीक्षक विनोद कुमार सैन ने बताया कि डीपीसी करवाने, भत्ते में बढ़ोतरी, कार्यालय संसाधन बढ़ाने, नायब तहसीलदार पदोन्नति में कोटा बढ़ाए जाने सहित अनेक मांगों को लेकर लगातार 13 जनवरी से धरना जारी है। वहीं धरने को भू अभिलेख निरीक्षकों ने भी समर्थन दिया है और पेन डाउन हड़ताल कर दी है। इस दौरान पटवार संघ उपाध्यक्ष शर्मिला, सरोज, शिव सिंह, मुकेश, गोपाल, अशोक, मदनलाल, विकास, मालसिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

जर्जर बिजली लाइन की चपेट में आने से भैंस की मौत

33 साल पुरानी विद्युत लाइन बन रही निवाला, 2 साल में 10 पशुओं की मौत

जयपुर टाइम्स

सरदारशहर(निस)। तहसील के राजासर पंवारान गांव में मंगलवार को एक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई। गांव की मुख्य चौपाल में 11 केवी की बिजली लाइन की चपेट में आने से हरचंदनाथ सिद्ध की भैंस की मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और पशुपालक को उचित मुआवजे की मांग की। गांव के श्रीचंद्र नाथ सिद्ध ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले दो वर्षों में इसी तरह की घटनाओं में 10 से अधिक पशुओं की जान जा चुकी है। समस्या की जड़ 33 वर्ष पुरानी जर्जर बिजली लाइन है। जिसकी मरम्मत के लिए ग्रामीण कई बार भानीपुरा स्थित सहायक अभियंता कार्यालय में ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर 10 दिनों के भीतर जर्जर बिजली लाइनों को नहीं हटाया गया तो सरदारशहर महाजन मुख्य सड़क पर जाम लगाकर बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। गांव की सरपंच संतोष पांडर ने बताया कि उन्होंने कई बार साधारण सभा में इस मुद्दे को उठाया हैं लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण ऐसी दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं। घटना की सूचना मिलने के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारियों के मौके पर नहीं पहुंचने से नाराज ग्रामीणों ने भानीपुरा सहायक अभियंता कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इस विरोध में भंवरलाल पांडर, सुखराम राईका, पदमाराम राईका, मोटूराम राईका, देवकरण सहू, रामकुमारनाथ, दुर्गादत पारीक समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

सातड़ा में महिलाओं ने सामुहिक रूप से घुंघट प्रथा बंद करने का लिया संकल्प

जयपुर टाइम्स

चूरू(निस)। अखिल राजस्थान किसान-मजदूर-कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष व कॉग्रेस जिला उपाध्यक्ष किसान नेता आदूराम न्यौल ने कहा कि महिलाएं सामुहिक रूप से घुंघट प्रथा को बंद करने व समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को बंद करें। किसान कार्यालय न्यौल भवन सातड़ा के प्रांगण में महिला संघोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान नेता आदूराम न्यौल ने संघोष्ठी की अध्यक्षता की। न्यौल की अध्यक्षता में महिलाओं ने चूरू लोकसभा सांसद राहुल कस्वां, पीसीसी उपाध्यक्ष भामाशाह रफीक मंडेलिया और आदूराम न्यौल के ज्येष्ठ पुत्र हरिराम न्यौल का सामुहिक जन्मदिन मनाया गया। सभी महिलाओं, युवतियों ने उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने घुंघट प्रथा त्यागने का संकल्प लिया। महिलाओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। महिला प्रवक्ता निशा न्यौल ने बताया कि सात दिन तक समुचे गाँव में घर-घर जाकर घुंघट व अन्य कुरीतियों को दूर करने की दिशा में संकल्प कराया जाएगा। इस मौके पर मणि जांगिड़, निधी मेघवाल, मोहनी, शारदा, गीता, पोपी, सुमन, माया, मंजु, विद्या, भगवती, निलम, सोनू, पूजा, पूनम, मनिषा, आयना, सहित सभी युवतियों ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का निर्णय किया उपस्थित सभी महिलाओं को च्यवनप्रास, जरूरतमंद गरीब एवं बिमार महिलाओं को औषधी वितरीत की गई, कार्यक्रम एक सप्ताह तक जारी रहेगा।

बच्चों को बचपन की उड़ान दे दो, उनके चेहरे पर मुस्कान दे दो

बाल संरक्षण व बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

चूरू(निस)। राजस्थान महिला कल्याण मंडल चूरू की ओर से सेठ श्रीराम वल्लभ गोरीसरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोमासि चूरू में संस्था की ओर से संचालित परियोजना एक्सेस टु जस्टिस फॉर चिल्ड्रन फेस-3 की टीम की ओर से बाल संरक्षण व बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम किया टीम के काउंसलर ज्योति बागड़ी की ओर से बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के बारे में जानकारी देते हुए उनको बाल अधिकारों से अवगत करवाया और बाल संरक्षण कानून की जानकारी दी। फील्ड कोऑर्डिनेटर नवरत्न प्रजापत की ओर से बच्चों को बाल विवाह की रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। विद्यालय के उप -प्रधानाचार्य ने संस्था के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उनके अधिकारों उनके संरक्षण के लिए बनाए गए कानून की जानकारी समय-समय पर देना अति आवश्यक है। इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्याता महावीर, सरिता, रविकांत, वरिष्ठ अध्यापक कौशल्या शर्मा, सुशील तंवर, कृष्ण कुमार, अध्यापक व अध्यापिका यशोदा, पुष्पा, अली शेर ख़ान आदि उपस्थित रहे।

मुकेश कुमार मीणा को पीएचडी की उपाधि

जयपुर टाइम्स

चूरू(निस)। राजकीय लोहिया महाविद्यालय, के वनस्पति विज्ञान विभाग के सह आचार्य मुकेश कुमार मीणा को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर ने चूरू जिले में परंपरागत ज्ञान से पादप संरक्षण व जैव विविधता का अध्ययन विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की।मीणा ने यह शोध कार्य प्रो.(डॉ.) जे. बी. खान, प्राचार्य सेठ आर एन रुईया राजकीय महाविद्यालय, रामगढ़ शेखावाटी के निर्देशन में पूर्ण किया। उन्होंने अपना शोध कार्य रतननगर व डाबला ग्राम के वन क्षेत्र की वनस्पतियों पर पूर्ण किया व सरंक्षण विधियों के साथ साथ यहां पाई जाने वाली औषधिय पादपों का अध्ययन किया। इस अवसर पर डॉ प्रशांत शर्मा, डॉ आशीष शर्मा, डॉ सुनील मील, मो. जावेद खान, सुमित डाबी, चंद्रप्रकाश बारूपाल, डॉ. नवीन कुमार सहित वनस्पति विज्ञान विभाग के सभी सदस्यों व विद्यार्थियों ने बधाई दी।

दिव्य ज्योति शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

शिव बारात की झांकी व नासिक के बैंड़ वादन की प्रस्तुति रही आकर्षण का केंद्र

जयपुर टाइम्स

चूरू(निस)। श्री ढ़ांढ़ंण शक्ति भक्त मंडल चूरू की ओर से टीडा गेला दादी के अखिल भारतीय रजत जयंती बसंतोत्सव के तहत निकाली गई 47 दिवसीय रथ यात्रा का 41वां ठहराव मंगलवार को चूरू में हुआ। रथ यात्रा के चूरू आगमन पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा धोली सती दादी मंदिर से रवाना होकर सुभाष चौक, सफेद घंटाघर, गढ़ चौराहा, गुदड़ी बाजार होते हुए श्रीराम मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का जगह-जगह तोरण द्वार बनाकर, पुष्प वर्षा कर व गुलाल उड़ाकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सिरसा के कलाकारों की ओर से शिव बारात की झांकी, नासिक के बैंड वादन व ऊंट-घोड़ी नृत्य की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान राम-लक्ष्मण, जानकी, राधा-कृष्ण, हनुमान वानर सेना, अयोध्या के भगवान श्रीराम की सजीव झांकी व अघोरी नृत्य की भव्य झांकी भी सजाई गई। शोभायात्रा का आलम यह था कि हाथों में ध्वज पताका लिए नाचते-गाते महिला-पुरुषों ने हर किसी के मन को मोह रहा था। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।